
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 22 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता और शिखर सम्मेलन के बारे में अमिताभ कांत की पुस्तक को सराहा।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सली ढेर

● एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है

**सफलता**

▶▶ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः गरियाबंद** में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में आधिकारिक तौर पर अब तक 16 नक्सली ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मिली। अभी भी मुठभेड़ जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इससे पूर्व बीजापुर में सुरक्षा बलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया था। सभी मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। रविवार सुबह से मंगलवार की सुबह तक रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। गरियाबंद जिले के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में कुल एक हजार से अधिक जवानों ने 60 से अधिक नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। यह मामला मैनपुर थाने इलाके का बताया जा रहा है। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कोबरा यूनिट का एक जवान भी घायल हुआ है, जिसे एयर लिफ्ट करके रायपुर लाया जा रहा है। इससे पहले रविवार को हुई मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर किए गए थे वहीं एक जवान भी घायल हुआ था।

**आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने दी जानकारी**
गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। एके 47, एसएलआर, आईएनएसएएस और अन्य स्वचालित हथियार बरामद किए गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजी रायपुर जोन अमरेश मिश्रा ने इसकी जानकारी दी है।

**सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा किया**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।



## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को मिली सफलता नक्सलवाद को एक और करारा झटकाः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुठभेड़ में 14 नक्सलियों के मारे जाने के बाद सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को एक और करारा झटका। हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सल मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गृहमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, नक्सलवाद को एक और करारा झटका। नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में हमारे सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों की सराहाना कर उनकी बहादुरी को सलाम किया

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला गरियाबंद के मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रविवार सुबह से जारी मुठभेड़ में अब तक 14 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है। इनके पास से एक एसएलआर और आईडी समेत भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। अब तक 14 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। एक करोड़ का इनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपति भी मारा गया है । इधर नक्सलियों पर इस बड़ी कार्रवाई पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों की सराहना कर उनकी बहादुरी को सलाम किया है। गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ रविवार रात से अब तक जारी मुठभेड़ में 10 से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।



**मुख्यमंत्री साय ने गरियाबंद में सुरक्षाबलों की बहादुरी को किया सलाम :** मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है। उनकी बहादुरी को सलाम करता हूं। हमारी डबल इंजन की सरकार में निश्चित ही हमारा छत्तीसगढ़ मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होकर रहेगा।

तीन टीम ओडिशा से दो छत्तीसगढ़ पुलिस से और सीआरपीएफ की पांच टीम इस मुठभेड़ में शामिल रहीं। मुठभेड़ की सूचना पर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी मैनपुर पहुंच गए हैं। पूरे एरिया में फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा तीन आईडी भी बरामद की गई है।

**एक करोड़ का इनामी नक्सली ढेर :** गरियाबंद में सुरक्षा बल नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली जयराम उर्फ चलपती मारा गया है। वह नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी मेंबर बताया जा रहा है।

# पांच फरवरी को महाकुंभ आ सकते हैं पीएम मोदी



**पवित्र डुबकी**

▶▶ मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, शाह 27 को मेले में शामिल होने वाले हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि)।
उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, महाकुंभ के नौवें दिन 1597 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। 20 जनवरी तक 88.1 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

## सरपंच के परिवार से मिलना चाहती थी, मुझे मना कर दियाः पंकजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**छत्रपति संभाजीनगर :** बीड सरपंच हत्या मामले को लेकर महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे ने बड़ा बयान दिया है। पंकजा मुंडे ने कहा कि मैंने सरपंच संतोष देशमुख के परिवारीजनों से मिलने का प्रयास किया था, लेकिन गांव की स्थिति को देखते हुए मुझे मिलने से मना कर दिया गया। हत्याकांड में घिरे मंत्री धनंजय मुंडे की चचेरी बहन और महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि मैंने संतोष देशमुख के परिवार से मिलने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अपने गांव की स्थिति के कारण मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरा गांव मासाजोग जाना और घटना पर अपनी भावनाएं व्यक्त करना निजी मामला है। सरपंच के परिवार ने उनसे कहा कि गांव की स्थिति उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने मुझसे वहां न जाने का आग्रह किया। पंकजा ने कहा कि मैं परिवार की अनुमति लेकर उनसे मिलने जाऊंगी। मेरे दौरे से ज्यादा महत्वपूर्ण परिवार को न्याय दिलाना है। पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है।

## धोबी समाज के लिए बनाएंगे धोबी समुदाय कल्याण बोर्डः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली में धोबी समाज के विकास के लिए कई गारंटी का एलान किया। उन्होंने कहा कि धोबी समाज की लंबित मांगों को स्वीकार करते हुए वे एलान करते हैं कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने पर हम धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन करेंगे। धोबी समाज लोग बोर्ड में अपनी समस्याएं और सुझाव दे सकेंगे। इसके अलावा हमारी सरकार धोबी समाज के प्रेस थड़े को नियमित और लाइसेंस प्रक्रिया को दोबारा शुरू करेगी। इनसे बिजली और पानी का चार्ज कमर्शियल नहीं, बल्कि घरेलू लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा और स्कॉलरशिप का इंतजाम किया जाएगा और युवाओं को स्किल की ट्रेनिंग दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर दिल्ली सरकार धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन करेगी।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि धोबी समाज की समय-समय पर कई समस्याएं निकलती रहती हैं। जब कोई समस्या निकलती है तो वह ढूंढते हैं कि किस नेता को उसके बारे में बताया जा सकता है। वह कभी किसी नेता को पकड़ते हैं तो कभी किसी को पकड़ते हैं। वह कभी इधर गुहार लगाते हैं तो कभी उधर गुहार लगाते हैं। धोबी समाज के लिए कोई एक ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है जहां पर उनकी समस्याओं की सुनवाई हो सके। अगर धोबी समुदाय कल्याण बोर्ड का गठन कर दिया जाता है तो यह एक ऐसा बोर्ड बन जाएगा, जहां पूरी दिल्ली के धोबी समाज के लोग जाकर अपनी समस्याएं और सुझाव बता सकते हैं।



**नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की शिष्टाचार भेंट**

## इंजेक्शन न मिलने से जान गंवाने वाले देवराज के परिवार की मदद करे सरकार : जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** शिमला से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इंजेक्शन न मिलने से अपनी जान गवाने वाले स्व. देवराज के परिजनों की आर्थिक मदद करें। उन्होंने कहा कि परिवार में मृतक देवराज शर्मा ही इकलौते कमाने वाले थे। पूरा परिवार उन्ही पर आश्रित था, वह भी लंबे समय से बीमार थे, ऐसे में उनके परिवार की स्थिति समझी जा सकती है। उनके दोनों बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं और पत्नी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है और सरकार को परिवार की आर्थिक तौर पर मदद करनी चाहिए। जिससे उनकी मदद हो सके। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खूसे आग्रह किया कि इस मामले में वह मानवता के दृष्टि से देखे और परिवार की यथा संभव मदद करें।



**प्रधानमंत्री से मिले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली स्थिति प्रधानमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। बढ़ाने की भी तैयारी है, मुख्यमंत्री इसको लेकर कोई घोषणा बजट सत्र में ही करेंगे।

## सीमा की सुरक्षा बीएसएफ की जिम्मेदारीः ममता बनर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियो की घुसपैठ को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार एक बार फिर से केंद्र सरकार पर हमला बोला है। अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करना सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की जिम्मेदारी है। उन्होंने मालदा जिले के लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई समस्या है तो वे सीमावर्ती इलाकों में जाने से बचें।मुख्यमंत्री ममता की यह टिप्पणी 18 जनवरी को मालदा जिले में बीएसएफ चौकी के पास भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद आई है। जहां पर दोनों देशों के किसानों के बीच हुआ विवाद झड़प में बदल गया था।

## दिल्ली चुनावः भाजपा का संकल्प पत्र-2 जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय** जनता पार्टी ने अपने वादे के मुताबिक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र भाग-2 जारी किया। इसमें जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक की शिक्षा मुफ्त देने का वादा किया गया है। साथ ही युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह संकल्प पत्र जारी किया। अनुराग ठाकुर ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस संकल्प पत्र से दिल्ली का विकास होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगे और दो बार की यात्रा एवं आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी करेंगे। दिल्ली में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए बीआर आंबेडकर स्टाइपेंड योजना शुरू करेंगे। इसके अंतर्गत आईटीआई, स्किल सेंटर आदि में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड मिलेगा।






# दुल्हे के चाचा से वारदात, पैसों से भरा बैग छीनकर हुए फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोनी** : कोतवाली क्षेत्र के बंथला फ्लाइओवर के पास रविवार रात बाइक सवार बदमाशों ने दुल्हे के चाचा से पैसों से भरा बैग छीन लिया। बैग में करीब साढ़े 3 लाख रुपये रखे थे। पीड़ित ने शोर मचाकर रोकने का प्रयास किया। लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई। नई दिल्ली में रहने वाले इंद्रपाल सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपने बेटे की शादी लोनी में तय की थी। रविवार को उनके बेटे की बारात लोनी पहुंची थी। लड़की वालों ने बारात को रोकने का इंतजाम बंथला फ्लाइओवर के पास मैरेज में कर रखा था। शादी की रस्म चल रही थी। वह अपने भाई किरणपाल के साथ व अन्य महमानों के साथ किसी काम से मैरेज होम के बाहर गेट पर आए। वह सभी एक दूसरे के साथ बात कर रहे थे। उनके हाथ में थैला था।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल पर विभिन्न टेलीफोन एक्सचेंज, रेलनेट सिस्टम में आग का पता लगाने और दमन प्रणाली का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,34,92,724.94/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,67,500/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 13.02.2025 15:00 बजेतक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1012 दिनांक: 21.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 227/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आजाद, पता: म.नं. के–237, गली नं. 4, कन्हैया विहार, जौहरीपुर, उत्तर पूर्व, दिल्ली–110094 और के–237, कन्हैया मोहल्ला, जौहरीपुर, दिल्ली–110094** ने **FIR No. 5393/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आजाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आजाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 5393/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **आजाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.02.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/295/NE/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विष्णु** पुत्र **जयपाल** निवासी **गांव सिकरी, तहसील बल्लभगढ़, थाना सदर, फरीदाबाद, हरियाणा** ने case **FIR No. 445/2018 U/s 354 IPC, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विष्णु** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विष्णु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 445/2018 U/s 354 IPC, थाना कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विष्णु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.02.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
शिवली तलवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
महिला कोर्ट–01, कमरा नं. 358
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/837/WD/2025(Court Matter)

### Format C-1

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate: **ALKA LAMBA, R/O C-39, TAGORE GARDEN EXTENSION, RAJORI GARDEN, TAGORE GARDEN, WEST DELHI, DELHI – 110027**
Name of political party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**
Name of Election: **DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTIONS 2025**
Name of Constituency: **51-KALKAJI ASSEMBLY CONSTITUENCY**
I, **ALKA LAMBA,** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

A. Pending Criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. Metropolitan Magistrate, Jaipur Metro 1, Jaipur, Rajasthan | Cr. Case 16096 of 2024 FIR No. 362 of 2017 dated 25.10.2017 | Charges not framed | Section 353 and 147 of the Indian Penal Code, 1860 |

B. Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-01-2025 | दिनांक 07.02.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, दिल्ली (PF-16) (B-T-T), नई दिल्ली (AG Side) (TW Parking), करनाल (641.62 वर्गमीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, कुरुक्षेत्र 2nd Entry, गाजियाबाद (भूर साइड) (1150.67 वर्गमीटर), दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बुढलाडा, बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, आदर्श नगर (PRS), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, दिल्ली सदर बाज़ार (1603.94 वर्गमीटर), नांगलोई = कुल 21 साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ :**
**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगीं।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084

सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 20.01.2025 218/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रिश्तेदारी में गया था परिवार, घर से जेवरात व सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र के कालूपुर में स्थित मकान का ताला तोड़कर जेवरात व कीमती सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। वारदात के समय पीड़ित बहादुरगढ़ अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छारा हाल में कालूपुर निवासी मोहन ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ बहादुरगढ़ रिश्तेदारी में गया हुआ था। सुबह उसे पता चला कि मकान का ताला टूटा हुआ है। वापस आकर देखा तो मकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ मिला। घर से जेवरात व जरूरी कीमती सामान गायब मिला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह योजना किसानों को बागवानी की ओर प्रोत्साहित भी कर रही है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार भावांतर भरपाई योजना के तहत 14 सब्जियों, चार फल व दो मसालों की खेती को शामिल किया गया है। इसमें सब्जियों में टमाटर, प्याज, आलू, गोभी, मटर, गाजर, भिंडी, घीया, करेला, बैंगन हरी मिर्च, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी और मूली तथा फलों में आम, अमरूद, बेर व किन्नू तथा मसालों में हल्दी व लहसुन शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि सरकार द्वारा फल सब्जियों और मसालों की न्यूनतम आरक्षित मूल्य भी निर्धारित किया गया। किसानों के लिए बागवानी करने, सब्जियों और मसालों की खेती करने पर प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाएं इन में ओलावृष्टि, तापमान,पाला,जल के कारण बाढ़, बादल फटना, नहर व ड्रेन के टूटने से जलभराव होना, आंधी तूफान में आग लगना आदि शामिल है। जोखिमों को पूरा करने के लिए किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत लाभ दिया जाता है उन्होंने बताया कि आलू 6 रुपये प्रति किलो, गोभी 7 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, गाजर 7 रुपये प्रति किलो, मटर 11 रुपये प्रति किलो, टमाटर 5 रुपये प्रति किलो, प्याज 6 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, शिमला मिर्च 9 रुपये प्रति किलो, बैंगन 5 रुपये प्रति किलो, भिंडी 10 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, घीया 4 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, हरी मिर्च 9 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, बैंगन 5 रुपये प्रति किलो, करेला 13 रुपये 50 पैसे प्रति किलो, बंद गोभी 6 रुपये 50 पैसे प्रति किलो और मूली 45 पैसे प्रति किलो की दर सरकार द्वारा निर्धारित की गई है।

# वाहन और आरोपित का नाम बदलने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे का शिकार हुए अधिवक्ता के पिता के मामले में आरोप है कि पुलिस विभाग की तरफ से आरोपित व वाहन को बदल दिया गया। जिसके विरोध में अधिवक्ता गत आठ दिनों से हड़ताल पर है। वहीं सोमवार को बार एसोसिएशन की तरफ से प्रेस वार्ता की गई। जिसमें मंगलवार से जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठने की बात एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा कही गई। यह था मामला- सेवली के रहने वाले अधिवक्ता रोहताश ने 11 जनवरी को थाना राई में शिकायत दी थी कि आठ अक्टूबर,2024 को उसका पिता महाबीर राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में साइकिल पर सवार होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान वह भी वहां से गुजर रहे थे। इसी बीच दूसरी तरफ से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनके पिता की साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे उनके पिता सड़क पर गिर कर घायल हो गए। रोहताश ने बताया था कि उन्होंने बाइक का नंबर भी नोट कर लिया। टक्कर मारने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया।

# सुपर लीग में खेलेंगी जिले की कबड्डी टीम

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप ( सुपर लीग ) का आयोजन होगा। इसमें जिले की कबड्डी टीम भी खेलती हुई नजर आएगी। प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल करने के आधार पर हुआ है। सुपर लीग में उत्तर प्रदेश से चार जोन से 16 कबड्डी टीमें हिस्सा ले रही हैं।

## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता / टी.एम.सी / ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच। |
| 2 | कार्य समाप्त अवधि | 12 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 24641384.55 |
| 4 | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | रु. 273200.00 |
| 5 | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रु शून्य |
| 6 | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 21.01.2025 से दिनांक 12.02.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 12.02.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7 | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 29.01.2025 से दिनांक 12.02.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं. 1-डब्ल्यू-उ.मु., अभि.-टी.एम.सी.-ला.-यू.टी.वी.-20-24-25 दिनांक 20.01.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 225/25

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.:** 2025-जनवरी-03 **दिनांक:** 17.01.2025

### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.: 1** | **निविदा सं.:** 2025-जनवरी-03-01 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 8687748.86
**कार्य का विवरण :** झाँसी/इलाहाबाद भारतीय रेलवे के अन्य डिवीजन से आगरा डिवीजन एवं ट्रैक डिपो से सभी एस.एस.ई. डिपो/सैक्शन तक पी. वे मैटेरियल का ट्रान्सपोर्टेशन का कार्य।

**क्र.सं.: 2** | **निविदा सं.:** 2025-जनवरी-03-02 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 5515464.76
**कार्य का विवरण :** आगरा मंडल-ईदगाह रेलवे स्टेशन पर आर.पी.एफ./ईदगाह स्टाफ के उपयोग हेतु 10 बिस्तरों वाले आर.पी.एफ बैरक का निर्माण कार्य।

**क्र.सं.: 3** | **निविदा सं.:** 2025-जनवरी-03-03 | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 26869488.23
**कार्य का विवरण :** सहायक मंडल इंजीनियर (लाइन)/ईदगाह के अधीन आगरा किला-बाँदीकुई जंक्शन- 23.306 ट्रैक कि0मी0 टी.बी.आर (लूप लाइनों) एवं 47 सैट 1/12 टर्न आउट का टी. बी. आर का कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 10.02.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **110/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा संख्या:** AGCTRDT202501 **दिनांक:** 17.01.2025

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0) उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम:** आगरा मण्डल के टॉवर वैगनों के Cummins Make डीजल इंजनों (मॉडल: NT 855, N 743L, KTA 19R और VTA 1710L) का 36 माह की अवधि के लिए विस्तृत रखरखाव अनुबंध जिसमें 'B', 'C' और 'D' चेक और ब्रेकडाउन रखरखाव शामिल है।

**अनुमानित लागत:** ₹ 3,80,95,018.65 | **धरोहर राशि:** ₹ 3,40,500/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 माह

(1) निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर देखा व भरा जा सकता है।
(2) निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर **दिनांक 10.02.2025** को **15.00 बजे** तक भरा जा सकता है। **118/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष** पुत्र **सुबोध पोद्दार** निवासी: **म.नं. डी–1739, जेजे कॉलोनी, बवाना दिल्ली** ने case **FIR No. 112/2018 U/s 393/34 IPC, थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मनीष** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 112/2018 U/s 393/34 IPC, थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 12.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/831/ON/2025(Court Matter)

### DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES

**FORMAT C-1**

Name and Address of Candidate: **SH. DEVENDER YADAV, House NO-360, SAMAYPUR,DELHI-110042.**

Name of Political Party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**

Name of Election: **CONTESTING FOR THE POST OF MLA FROM AC-05, BADLI CONTITUENCYNCT DELHI**

Name of Constituency: **BADLI**

I, **SH. DEVENDER YADAV**, A CANDIDATE OF ABOVE MENTIONED ELECTION, DECLARE FOR PUBLIC INFORMATION THE FOLLOWING DETAILS ABOUT MY CRIMINAL ANTECEDENTS:

(A) PENDING CRIMINAL CASES

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | NAMEOF COURT | JUDICIAL MEGISTRATE FIRST CLASS | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (B) | CASE NO. AND DATED | CASE NO.940/2023 | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (C) | STATUS OF CASE(S) | MISC./APPEARANCE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (D) | SECTION(S) OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OF OFFENCE(S) | 120B, 323, 452, 506, 34 OF IPC SECTION 3, 3(5), 4 OF THE SCHEDULED CASTES AND THE SCHEDULED TRIBES (PREVENTION OF ATROCITIES) ACT, 1989 AND FIR NO. 0482/2014 HAS BEEN LODGED AFTER FILLING COMPLIANT CASE BY THE COMPLAINANT BEFORE THE CONCERNED METROPOLITAN MAGISTRATE. THE COMPLAINT HAS BEEN FILLED IN RESPECT OF PROPERTY DISPUTE. CHARGE SHEET HAS NOT BEEN FILLED TILL DATE AND CHARGES ARE NOT BEEN FARMED AGAINST THE CANDIDATE IN THE PRESENT FIR. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

SH. DEVENDER YADAV

INDIAN NATIONAL CONGRESS PARTY, AC-05, BADLI CONSTITUENCY

## भारतीय रेल

### भारत सरकार
### रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

**भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु जेडएफ गियर बॉक्स, मेक जेडएफ फ्रेडरिकशाफेन एजी, जर्मनी की खरीद के लिए दिनांक 27.02.2025 को बंद होने वाली ई–ओपन वैश्विक निविदा सं. 2025–टीएमएस–1**

भारत के राष्ट्रपति के लिए ओर से **भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक मशीन हेतु जेडएफ गियर बॉक्स की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।** इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने और अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** देखें।

निदेशक, रेल भण्डार (एफ), रेलवे बोर्ड

सं.: 2024/आरएस(ई)/टीएमएस/4 दिनांक 20.01.2024 233/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT -61 | **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता मेरठ व सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में Lidar सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके स्टेशनों, यार्डो और अनुभागों का क्रमिक सत्यापन। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :– IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 14.02.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS** साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/e Tender Notice/NIT-61-24-25-W-II दिनांक : 20.01.2025 216/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी के सं.:** UMB-CtgMPS02-25 **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंस फीस **प्रारंभ होने की तिथि व समय:** 31.01.2025 को 12:00 बजे

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-DUI-GMU-73-24-1 (खान पान जनरल माइनर यूनिट (GMU)) सामान्य श्रेणी के लिए धूरी रेलवे स्टेशन पर 47.40 वर्गमीटर क्षेत्र का जलपान कक्ष (Refreshment Room) | 31.01.2025 को 12:30 बजे |
| 2. | MPS-UMB-UMB-MPS-6-25-1 (एमपीएस बहुउद्देश्यीय स्टाल) एमपीएस स्टाल (केवल) आयाम 8X7 फीट के संचालन के लिए अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 2/3 पर (स्थल योजना के अनुसार) श्रेणी सामान्य महिला के लिए | 31.01.2025 को 12:40 बजे |
| 3. | MPS-UMB-SML-MPS-7-25-1 (एमपीएस बहुउद्देश्यीय स्टाल)) एमपीएस स्टाल (केवल) आयाम (2.65 x 2.45) वर्गमीटर के संचालन के लिए शिमला रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म न. 1 पर (स्थल योजना के अनुसार) श्रेणी सामान्य के लिए | 31.01.2025 को 12:50 बजे |

**नीलामी के सं.:** UMB-MPS-03-2025 **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंस फीस **प्रारंभ होने की तिथि व समय:** 31.01.2025 को 13:00 बजे

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | MPS-UMB-SRE-MPS-8-25-2 (एमपीएस बहुउद्देश्यीय स्टाल) एमपीएस स्टाल (केवल) आयाम {9.5 x 6.5} वर्गमीटर के संचालन के लिए सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म न. 4 पर (स्थल योजना के अनुसार) श्रेणी सामान्य के | 31.01.2025 को 13:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे। 219/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेदार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये है। अब उनसे अपनी संपत्ति के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय मिडिल स्कूल में एम डी एम के तहत कुक कम हेल्पर की आवश्यकता गांव ललहेड़ी कला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के दोनों स्कूलों में कुक कम हेल्पर की आवश्यकता है। इच्छुक महिला उम्मीदवार 25. 01.2025 तक स्कूल मुखिया से संपर्क करें।

# आदर्श नगर विधानसभा पहुंचे केजरीवाल, मुकेश गोयल के बारे में कर गए बड़ा ऐलान

## ● मुकेश गोयल के चुनाव प्रचार को केजरीवाल ने दी धार ● केजरीवाल को सुनने वालों का उमड़ा जनसैलाब







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल का चुनाव प्रचार अभियान अपने चौथे गियर में पहुंच गया है। मंगलवार का दिन मुकेश के लिए बहुत ही मंगल रहा। आदर्श नगर विधानसभा के केवल पार्क इलाके में केजरीवाल की एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस सभा में हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम देखने को मिला। हर ओर से केजरीवाल के समर्थन में गगनचुंबी नारे लग रहे थे। दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.30 बजे तक चली इस जनसभा में आम आदमी पार्टी के क्षेत्रीय नेताओं और समर्थकों ने भाषण दिए। इनके बाद मुकेश गोयल ने अपना भाषण शुरू किया और लंबे समय तक अपने कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसी बीच उन्होंने केजरीवाल द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी ब्यौरा प्रस्तुत किया।

**मंच पर पहुंचते ही केजरीवाल में बांध दिया समां** जैसे ही केजरीवाल मंच पर पहुँचे वैसे ही उन्होंने समां बाँध दिया। पहले तो अपने किये कामों को गिनाया, उसके बाद बीजेपी को आड़े हाथों लिया। केजरीवाल ने लोगों को बोला कि अगर बीजेपी वालों को वोट दे दिया तो ये लोग आपकी झुग्गियाँ तुड़वा देंगे। ये सभी योजनाएं बंद करवा देंगे। ये रातों रात आपकी बिजली कटवा देंगे। इसलिए कोई गलती मत करना। वोट केजरीवाल को देना। झाड़ू पर बटन दबाना।

**केजरीवाल का हुआ अभिनंदन, फूलमालाओं से किया भव्य स्वागत:** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मंच पर पहुंचने पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुकेश गोयल ने भव्य अभिनंदन किया। फूल-मालाओं से स्वागत किया और गदा देखर केजरीवाल का सम्मान हुआ। इस मौके अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद, मुकेश गोयल जिंदाबाद के नारे से पूरे क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था।

**जनता से किया हर वादा होगा पूरा, ये है केजरीवाल का आप सबसे वादा:** जनसैलाब को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप आप भारी संख्या मुझे सुनने के लिए आएं हैं उसके लिए मैं आप सबका धन्यवा करता हूं और आज आपसे वादा करता हूं चुनाव में जो भी वादे पार्टी ने किए हैं उसको अमलीजामा पहनाऊंगा। पिछले 12 वर्षों से आप सबका भरपूर प्यार और आशीर्वाद हमें मिला है, आज भी आपका प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं।



**बिजली-पानी फ्री का वादा निभाया, महिलाओं के लिए की फ्री डीटीसी सेवा:** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से आप सबसे जो भी वादा किया था उस पर खरा उतरा हूं। लोगों के घरों में पानी का बिल नहीं आ रहा तो वहीं दिल्ली के करोड़ों लोगों ने 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ उठाया। वहीं हमारी बहनों और माताओं फ्री में डीटीसी का लाभ उठाया। मैं आप सबको यकीन दिलाता हूं कि इस चुनाव में दिल्ली की जनता से जो भी वादे और केजरीवाल की गारंटी दी गई है, उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा।

**केजरीवाल ने बीजेपी को घेरा:** इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी को घेरा। केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली की जो सुविधाएं मिल रहीं हैं अगर दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनेगी तो सारी सुविधाएं छीन लेगी। बीजेपी वाले इसे रेवड़ियां कहते हैं, जबकि आज खुद बीजेपी के नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली की जनता से चुनावी वादों में रेवड़ियां बांट रहे है।

**केजरीवाल ने की मुकेश गोयल की तरीफ:** इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप सबके बीच से आपके चहेते नेता को आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से खड़ा किया है, आप सब भारी बहुमत से मुकेश गोयल को जीत दिला कर विधानसभा भेजें। मुकेश गोयल इस क्षेत्र के विकास में चार चांद लगा देंगे।







# यातायात निर्देशिका

## यातायात व्यवस्था - 23 जनवरी, 2025 को फुल ड्रेस रिहर्सल

गणतंत्र दिवस समारोह–2025 के संबंध में 23 जनवरी 2025 को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। रिहर्सल का वही रूट होगा जो गणतंत्र दिवस पर परेड का होता है। परेड रिहर्सल 23.01.2025 को सुबह 1030 बजे विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले तक जाएगी। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए व्यापक यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।




### परेड का मार्ग

परेड का मार्ग इस प्रकार है:– ▸ विजय चौक ▸ कर्तव्यपथ ▸ 'सी'–हेक्सगन ▸ आर/ए नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा ▸ तिलकमार्ग ▸ बहादुर शाह जफरमार्ग ▸ नेताजी सुभाष मार्ग ▸ लाल किला।

### यातायात प्रतिबंध

परेड के सुचारू मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए, परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर यातायात की आवाजाही निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगी।

1. 22.01.2025 को शाम 6 बजे से परेड खत्म होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर कोई यातायात का अवागमन नही होगा।
2. 22.01.2025 को 2300 बजे से रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर परेड समाप्त होने तक कर्तव्यपथ पर कोई क्रॉस ट्रैफिक नहीं होगा।
3. 'सी'– हेक्सगन–इंडिया गेट 23.01.2025 को सुबह 09:15 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार होने तक यातायात के लिए बंद रहेगा।
4. 23.01.2025 को सुबह 1030 बजे से तिलकमार्ग, बीएसजेड मार्ग और सुभाषमार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड की आवाजाही के आधार पर ही क्रॉस ट्रैफिक की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और अपनी सुविधा के लिए 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड के मार्ग से बचें।

### सुझाए गए मार्ग

हालाँकि, यदि यात्रा अपरिहार्य है, तो सड़क उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है।

**उत्तर–दक्षिण कोरीडोर–**
- रिंग रोड – आश्रम चौक – सराय काले खां – आई.पी. फ्लाईओवर – राजघाट – रिंग रोड
- मदरसा से – लोधी रोड 'टी' पॉइंट – अरबिंदो मार्ग – एम्स चौक – रिंग रोड – धौलाकुआं – वंदेमातरम मार्ग – शंकर रोड – पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।

**पूर्व–पश्चिम कोरीडोर–**
- रिंग रोड – भैरों रोड – मथुरा रोड – लोधी रोड – अरबिंदोमार्ग – एम्स चौक – रिंग रोड – धौलाकुआं – वंदेमातरममार्ग – शंकर रोड – पार्क स्ट्रीट या मंदिर मार्ग।
- रिंग रोड – बुलेवार्ड रोड – बर्फ खाना चौक – रानी झाँसी फ्लाईओवर – फैज़ रोड – वंदेमातरम मार्ग – आर/ए शंकर रोड।
- रिंग रोड – आईएसबीटी – चंदगी राम अखाड़ा – आईपी कॉलेज – माल रोड – आजादपुर – पंजाबी बाग।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिणी दिल्ली से:** धौलाकुआं – वंदेमातरम मार्ग – पंचकुइयां रोड – आउटर सर्कल कनॉट प्लेस – पहाड़गंज की ओर के लिए चेम्सफोर्ड रोड या अजमेरी गेट की ओर के लिए मिंटो रोड – भवभूतिमार्ग।
- **पूर्वी दिल्ली से:** आईएसबीटी ब्रिज के माध्यम से बुलेवार्ड रोड – रानी झाँसी फ्लाईओवर –आर/ए झंडेवालान – डी.बी. गुप्ता रोड – शीला सिनेमा रोड – पहाड़गंज ब्रिज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए

- **दक्षिणी दिल्ली से:–** रिंग रोड – आश्रम चौक–सराय काले खां – रिंग रोड – राजघाट – रिंग रोड –चौक यमुना बाजार – एस.पी. मुखर्जी मार्ग – छत्ता रेल – कोडिया ब्रिज और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

हालांकि उत्तरी दिल्ली से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर चलें।

### बस समाप्ति स्थान

सिटी बस सेवाओं की आवाजाही निम्नलिखित बिंदुओं पर समाप्त की जाएगी 1.पार्क स्ट्रीट/उद्यानमार्ग 2, आराम बाग रोड / पहाड़गंज 3.राउन्ड अवाउट कमला मार्केट 4. दिल्ली सचिवालय / आईजी स्टेडियम 5 प्रगति मैदान भैरों रोड 6. हनुमान मंदिर, यमुना बाजार 7. मोरी गेट 8. आईएसबीटी कश्मीरी गेट 9. आईएसबीटी सराय काले खां 10. तीस हजारी कोर्ट

### अंतरराज्यीय बसें

(I) गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम जाने वाली बसें NH-24, रिंग रोड से होकर भैरों रोड पर समाप्त होंगी।
(II) एनएच–24 से आने वाली बसें रोड नं.56 पर दाहिनी ओर मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनंदविहार पर समाप्त होंगी।
(III) गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से वजीराबाद ब्रिज के लिए भोपराचुंगी की ओर मोड़ दिया जाएगा।(IV) धौलाकुआं की ओर से आने वाली सभी अंतरराज्यीय बसें धौलाकुआं पर समाप्त हो जाएंगी।

### मेट्रो सेवाएँ

23 जनवरी, 2025 को फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध रहेगी।

### एचटीवी/एलजीवी–

22.01.2025 को 2100 बजे से 23.01.2025 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)। इन वाणिज्यिक वाहनों को आगे की यात्रा के लिए दिल्ली की निम्नलिखित अंतर–राज्यीय सीमाओं से डायवर्ट किया जाएगा:–

**गाजियाबाद** – सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड से पूर्व दिनांक 23.01.2025 को कर्तव्यपथ, दिल्ली में रिहर्सल परेड का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके सुरक्षित समापन को सुनिश्चित करने के लिए, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा दिनांक 22.01.2025 को रात्रि 20:00 बजे से 23.01.2025 को कार्यक्रम समाप्ति तक तक निम्नलिखित मार्गों से गाजियाबाद सीमा से दिल्ली में सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। डायवर्जन निम्न प्रकार से किया जायेगा। 1. यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर 2. दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे यूपी गेट/गाजीपुर बॉर्डर 3. महाराज पुर/आनंद विहार बॉर्डर 4. सीमा पुरी बॉर्डर 5. डीएलएफ भोपुरा बॉर्डर 6. लोनी बॉर्डर 7. ईडीएम मॉल रोड 8. सूर्य नगर शाहदरा बॉर्डर 9. तुलसी निकेतन बॉर्डर 10. सेवाधाम चौकी तिराहा 11. अंकुर विहार बॉर्डर 12. सभापुर तिराहा

**फ़रीदाबाद** – गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिनांक 22.01.2025 समय 09.00 बजे से 23.01.2025 समय 01.30 बजे तक फरीदाबाद एवं दिल्ली में सभी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

सभी परिवहन एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

- उत्तर प्रदेश और पलवल से आने वाले सभी भारी वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग केजीपी/केएमपी का उपयोग करना चाहिए। बदरपुर बॉर्डर, प्रह्लादपुर शूटिंग रेंज, मांगर होते हुए छतरपुर जाने वाली दुर्गा बिल्डर रोड आदि समेत फरीदाबाद–दिल्ली की सभी सीमाओं पर प्रवेश वर्जित रहेगा।
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर किनारों पर भारी वाहन पार्क करने से यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की साइड पार्किंग वर्जित है। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

निम्नलिखित स्थानों पर यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जायेगी। 1. नाका सुआजकुंड चावक 2. नाका दुर्गा बिल्डर 3.नाका जेसीबी चौक 4.नाका बदरपुर बॉर्डर 5.नाका मंगर चौकी 6.नाका सीकरी NH–19 7. दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे मीठापुर दिल्ली के पास

**गौतमबुद्ध नगर**– विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में यातायात व्यवस्थाएं एवं 2025 हेतु प्रस्तावित व्यवस्थाएं इस प्रकार हैं।

1. नोएडा से दिल्ली में प्रवेश करने की सीमाएँ कालिंदी, डीएनडी, चिल्ला, न्यू अशोक नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदर्शन हैं।
2. नोएडा से दिल्ली की यात्रा के लिए मुख्य रूप से कालिंदी, डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया जाता है। इसके अलावा, न्यू अशोक नगर, झुंडपुरा और हरिदर्शन में सिविल पुलिस को आवश्यक सहयोग दिया जाता है।

**गणतंत्र दिवस 2025 पर गौतमबुद्ध नगर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई:**

1. दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदुओं – चिल्ला रेड लाइट, डीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर यातायात पुलिस तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया गया।
2. इन सीमा बिंदुओं पर यातायात ड्यूटी के दौरान कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई।
3. भारी मालवाहक वाहनों को इन सीमा बिंदुओं से डायवर्ट किया गया और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा गया।

**गणतंत्र दिवस 2025 के लिए यातायात पुलिस कार्य योजना–**

दिल्ली पुलिस से प्राप्त निर्देशों के आधार पर 22 और 23 जनवरी 2025 को ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा।
दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर तक की सीमाएँ – कालिंदी, डीएनडी, चिल्ला, न्यू अशोक नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदर्शन।
ज्यादातर भारी मालवाहक वाहन कालिंदी, डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर से होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश करते हैं।

1. सुचारू यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली राज्य में मालवाहक वाहनों (भारी, मध्यम एवं हल्के) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की जाएगी.
2. यातायात प्रबंधन के लिए गौतमबुद्ध नगर जिले से दिल्ली सीमा में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण मार्गों – चिल्ला रेड लाइट बॉर्डर, डीएनडी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी।
3. चिल्ला रेड लाइट (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू–टर्न लेंगे और नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे।
4. डीएनडी (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू–टर्न लेंगे और नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ेंगे।
5. कालिंदी कुंज यमुना (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्यत्र जाने वाले वाहनों को यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा और नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जाएगा।
6. यमुना एक्सप्रेस–वे से दिल्ली राज्य की ओर जाने वाले मालवाहक वाहनों को जीरो प्वाइंट से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे की ओर डायवर्ट किया जायेगा.
7. मुख्य सड़क पर कोई वाहन खड़ा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस क्यूआरटी टीम तैनात की जाएगी।
8. विशेष परिस्थितियों में वाहनों को मुख्य मार्गों से हटाकर कुछ समय के लिए चिल्ला–शनि मंदिर रोड, पुस्ता रोड सेक्टर 94 और सेक्टर 44 सर्विस रोड पर पार्क किया जाएगा।
9. सुरक्षा कारणों से नोएडा स्थित डीएमआरसी मेट्रो स्टेशनों – बॉटनिकल गार्डन, सिटी सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बर्ड सेंचुरी पर पार्किंग खाली कराई जाएगी और बंद कर दी जाएगी।
10. ट्रैफिक सलाह और अपडेट ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से या ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क करके प्रदान किया जाएगा।

**गुरूग्राम** – 22.01.2025 को 2100 बजे से 23.01.2025 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा। 1. रजोकरी 2. कापसहेड़ा 3. आया नगर 4. बजघेरा

**द्वारका–हरियाणा सीमा**– गणतंत्र दिवस–2025 समारोह के मद्देनजर, 23.01.2025 को रिहर्सल परेड और 26.01.2025 को अंतिम परेड कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसे सुरक्षित संपन्न कराने के लिए कानून–व्यवस्था एवं यातायात की व्यापक व्यवस्था की गयी है. सीमाओं पर ट्रैफिक डायवर्जन प्रभावी रहेगा। इसलिए, सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) को 2200 बजे (22.01.2025) से 1330 बजे (23.01.2025) तक दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**निम्नलिखित सीमाओं में किया जायेगा डायवर्जन– मुख्य सीमाएँ** –1. टिकरी बॉर्डर 2. झारोदा बॉर्डर 3. ढांसा बॉर्डर 4. दरौला बॉर्डर

**आंतरिक सड़क/ग्राम सीमाएँ**– 1. झटिकरा बॉर्डर 2. नानाखेड़ी/बड़ुसरिया बॉर्डर 3. सुरखपुर बॉर्डर

**बहादुरगढ़ हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना**– 1. टी–प्वाइंट सेक्टर–9, बहादुरगढ़ से बहादुरगढ़ बाईपास और केएमपी एक्सप्रेसवे 2. बहादुरगढ़ बाईपास से केएमपी एक्सप्रेसवे तक यू–टर्न 3. केएमपी एक्सप्रेसवे से केएमपी एक्सप्रेसवे के पास

**गुरूग्राम हरियाणा क्षेत्र में डायवर्जन योजना**– 1. लोहट गांव से गुरुग्राम–बादाली रोड 2. धरमपुर चौक, सेक्टर–108, गुरूग्राम से गुरूग्राम–द्वारका एक्सप्रेस वे 3. बाबूपुर चौक, सेक्टर–108, गुरुग्राम से द्वारका एक्सप्रेस वे

**झज्जर**– 22.01.2025 को 2100 बजे से 23.01.2025 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा– 1. धनसा 2. झारोदा 3. टिकरी

**सोनीपत**– 22.01.2025 को 2100 बजे से 23.01.2025 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी HTV/MGV/LGV को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से डायवर्जन किया जाएगा–1. ओचंडी 2. सिंघु

किसी भी एचटीवी/एलजीवी को 23.01.2025 को 0730 बजे से 1330 बजे तक आईएसबीटी सराय काले खां और आई.एस.बी.टी. कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### टीएसआर/टैक्सी

23.01.2025 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर और टैक्सी को निम्नलिखित क्षेत्र में प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी:–

**मदर टेरेसा क्रिसेंट – बाबा खड़क सिंह मार्ग – अशोक रोड राउन्ड अवाउट पटेल चौक तक – संसद मार्ग टॉलस्टॉय मार्ग तक – टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक – कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक – फिरोजशाह रोड आर/ए मंडी हाउस तक – भगवान दास रोड – मथुरा रोड – सुब्रमण्यम भारती मार्ग – हुमायूं रोड – ए.पी.जे अब्दुल कलाम मार्ग – कमल अतातुर्क मार्ग – कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)।**

### आम जनता के लिए निर्देश

यदि कोई अज्ञात या संदिग्ध वस्तु / व्यक्ति दिखाई देता है, तो ड्यूटी पर निकटतम पुलिसकर्मी को जानकारी दी जानी चाहिए।

**पैरा–ग्लाइडर, पैरा–मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट विमान, दूर से संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाड कॉप्टर या विमान से पैरा जंपिंग आदि जैसे उप–पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान 01.02.2025 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकार क्षेत्र पर प्रतिबंधित है।**

आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे धैर्य रखें, यातायात नियमों और सड़क अनुशासन का पालन करें और सभी चौराहों पर तैनात यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त समय रखें।

DP /9749/2025

यातायात सलाह के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

ट्रैफिक प्रहरी बनें | Google Play या App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे ट्रैफिक हेल्पलाइन : 1095/011-25844444 | व्हाट्सएप नं. 8750871493

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वेबसाइट: Website https://traffic.delhipolice.gov.in
हमें फालों करें: https://www.facebook.com/dtptraffic https://X@dtptraffic https://www.instagram.com/dtptraffic

# अब शुगर फ्री प्रॉडक्ट भी बनाएगा वीटा

**वीटा उत्पादों की संख्या में होगी बढ़ोतरी, ब्रांडिंग पर रहेगा जोरस जींद के घी की होगी ब्रांडिंग, प्लांट की क्षमता बढाने पर भी हुई चर्चा, करनाल में खाद्य उत्पादों की जांच के लिए प्रयोगशाला होगी स्थापित, कैबिनेट मंत्री ने की हरियाणा डेयरी सहकारी फेडरेशन की समीक्षा बैठक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि वीटा अब शुगर फ्री प्रॉडक्ट भी बनाए, ताकि मधुमेह से पीड़ित लोगों को भी इनकी उपलब्धता हो सके। उन्होंने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन को निर्देश देते हुए कहा कि वीटा उत्पादों की संख्या में इजाफा करते हुए उनकी भरपूर ब्रांडिंग करें, ताकि यह उत्पाद जन-जन के दिल में अपनी गुणवत्ता के लिए स्थान बनाएं। उन्होंने जींद के घी की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए प्लांट क्षमता में बढ़ोतरी करने व घी के प्रचार-प्रसार में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। आज हरियाणा सिविल सचिवालय पांचवें तल स्थित कांफ्रेंस कक्ष में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा डेयरी विकास फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, महाप्रबंधक व 6 वीटा प्लांटों के सीईओ के साथ समीक्षा बैठक की। तकरीबन दो घंटे चली समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सिलसिलेवार तरीके से वीटा उत्पादों, वीटा प्लांटों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वीटा उत्पादों की रेंज को बढ़ाया जाएगा, ताकि आमजन को अधिक से अधिक गुणवत्ता से परिपूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकें। मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए शुगर फ्री प्रॉडक्ट बनाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जींद प्लांट के घी की जनता में लगातार बढ़ रही मांग के आधार पर प्लांट की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ घी की ब्रांडिंग की जाए। वीटा प्लांटों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाते हुए सभी उत्पादों की जानकारी प्रदर्शित की जाए। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि खाद्य उत्पादों की जांच के लिए करनाल में केंद्र सरकार की योजना में राष्ट्रीय डेयरी विकास प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश स्तरीय प्रयोगशाला करनाल के हरियाणा कॉपरेटिव एक्पोर्ट हाउस, एग्रो मॉल करनाल में स्थापित की जाएगी। इससे प्रदेश में लघु, सूक्ष्म व बड़े उद्यमियों को लाभ मिलेगा और बेहतर तकनीक के साथ खाद्य उत्पादों की जांच समय पर हो सकेगी।



**बैठक**

**वीटा उत्पादों की संख्या में इजाफा करते हुए उनकी भरपूर ब्रांडिंग करें: अरविंद शर्मा**

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूध उत्पादकों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर वीटा उत्पादों पर आमजन का भरोसा बढ़ाना है, इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। इस अवसर पर फेडरेशन के एमडी रोहित यादव, जीएम एसएस कोहली, संजय सेतिया, सीईओ विशंबर सिंह, चरण सिंह, राकेश काद्यान, नरेंद्र धानिया, सुखदेव राज, कामिनी आदि उपस्थित रहे।

# बडोली रॉकी मामले की पीड़ित बोली सबूतों के साथ सामने आऊंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और हरियाणवी सिंगर रॉकी मित्तल पर गैंगरेप की एफ आई आर दर्ज कराने वाली महिला पहली बार सामने आई। महिला ने रोते हुए 5 मिनट 36 सेकेंड का वीडियो जारी किया। जिसमें उसने कहा कि 'मेरी जान को खतरा है। उन पर हैवानियत सवार थी।' उन्होंने अपनी उम्र का भी ख्याल नहीं रखा। महिला ने कहा डेढ़ साल से मुझ पर क्या बीत रही है, मैं किसी को नहीं बता सकती। लोग मुझे गलत बता रहे हैं। मेरी सहेली को उन्होंने डराकर झूठा बयान देने को मजबूर किया। घटना के दिन वो रूम में मौजूद थी। वो लोग उसे भी डरा रहे हैं। मैं जल्दी सारे सबूतों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगी।' मोहन लाल बड़ौली (63) और रॉकी मित्तल के खिलाफ 13 दिसंबर 2024 को हिमाचल के कसौली थाने में गैंगरेप का मामला दर्ज किया गया था। जिसमें महिला ने 3 जुलाई 2023 को कसौली के होटल में उसे जबरन शराब पिलाकर गैंगरेप करने का आरोप लगाया था।मोहन लाल बड़ौली और रॉकी मित्तल पर महिला की शिकायत पर हिमाचल के कसौली थाने में 13 दिसंबर 2024 को गैंगरेप का केस दर्ज किया गया है। बड़ौली ने इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया था। पीड़ित महिला ने 5.36 मिनट के वीडियो में कहा मेरे साथ जो हुआ, मरने का मन करता है मैं दिल्ली की हूं। आप सभी से अपना दर्द साझा करना चाहती हूं। आपको बताना चाहती हूं, मेरे साथ बीती एक घटना के बारे में। जो मेरे साथ हुआ, उसे सोचने पर भी मरने का मन करता है। मेरे साथ जो बीती है, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती। मेरे साथ बहुत गलत हुआ। मेरे साथ 2 लोगों ने 3 जुलाई 2023 की रात को कसौली में गलत काम किया। उन पर हैवानियत सवार थी। उन्होंने अपनी उम्र का भी ख्याल नहीं किया। बड़ौली-रॉकी ने इतना गलत किया, मैं बता नहीं सकती। इन लोगों ने मेरे साथ क्या किया, मैं बोल भी नहीं सकती। उनका नाम मैं आपको बताना चाहूंगी। उनका नाम इस समय सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा वायरल भी हो रहा है। मोहन लाल बड़ौली एंड रॉकी मित्तल उर्फ जयभगवान जिसका नाम है। इन्होंने मेरे साथ इतना गलत किया है कि मुझे ही पता है। मैं आपको नहीं बता सकती।

महिला ने कहा कोई आपकी बेटी से गलत करे तो क्या उसे ही कसूरवार ठहराएंगे। मुझे पता है कि डेढ़ साल से मुझ पर क्या बीत रही है। मैं कैसे जी रही हूं। उन लोगों ने मुझे सत्ता और राजनीति से बुरी तरह डरा रखा है।

**दावा**

**महिला ने रोते हुए 5 मिनट 36 सेकेंड का वीडियो जारी किया। जिसमें उसने कहा कि 'मेरी जान को खतरा है**

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहे नागरिक- स्वास्थ्य मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत गुरुग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव और लोक निर्माण व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने नागरिकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम सहित प्रदेश के बाकी हिस्सों में वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है जिसमें दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। दिन -प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए। उन्होंने लोगों को दुर्घटना में घायल लोगों की तुरंत सहायता करने का आह्वान करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने के लिए पहला एक घंटा अति महत्वपूर्ण माना गया है। इस अवधि में घायल का उचित उपचार शुरू हो जाए तो उसकी जान को काफी हद तक बचाया जा सकता है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों में भी 24 घंटे इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध रहती है। इसलिए कोई भी दुर्घटना हो जाए तो सर्वप्रथम घायल को सरकारी अस्पताल में पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**आह्वान**

**प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि मुख्य मार्गों पर हर निश्चित दूरी पर एक ट्रामा सेंटर स्थापित किया जाए**

# आगामी बजट में कृषि पर रहेगा विशेष फोकस : कृषि मंत्री

**जनहितैषी**

**"डबल इंजन सरकार" आगामी बजट में किसानों के कल्याण पर विशेष फोकस करेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने राज्य सरकार की किसानों की भलाई और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली "डबल इंजन सरकार" आगामी बजट में किसानों के कल्याण पर विशेष फोकस करेगी। राणा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ने हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक पूर्व-बजट परामर्श बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और किसान उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। बैठक के दौरान 52 से अधिक सुझाव किसानों और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए। इनमें किसान संघों, किसान उत्पादक संगठनों और फेडरेशन के सदस्यों से इनपुट शामिल थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में आश्वासन दिया था कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए एक विशेष रणनीति पर काम कर रही है।



कृषि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में किसानों के साथ विस्तार से बातचीत की है ताकि उनकी समस्याओं को समझा जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी बजट सत्र में इन समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल का उल्लेख करते हुए राणा ने बताया कि हरियाणा के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट), मेरा पानी-मेरी विरासत, किसान मित्र योजना, और भावांतर भरपाई योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गांव गामडी हाल पावर हाउस चौक निवासी ध्यानंद ने बताया कि इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी संदीप के साथ हुई, जोकि विदेश भेजने के लिए वीजा आदि का काम करता है। ध्यानंद ने बताया कि तीन युवकों के साथ अमेरिका जाने के लिए संदीप से 80 लाख रुपए में डील तय हो गई। मिलने व पैसे देने के लिए उन्हें गाजियाबाद स्थित एक मॉल में बुलाया गया, जहां पर संदीप ने राहुल जैन नाम के व्यक्ति से मिलाया और तब 75 लाख रुपए अमेरिका जाने के लिए फाइनल हो गए। राहुल व संजय इसके बाद रोहतक आए पांच लाख रुपए कैश ले गए। पीडित ने बताया कि आरोपियों ने अलग अलग तरीकों से 42 लाख रुपए और ले लिए गए, लेकिन उन्हें विदेश नहीं भेजा गया। जब पीडित ने अपने पैसे वापिस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में पीडित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जींद में बंदर पकड़ने में हुए घोटाले की होगी विजिलेंस जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद।** डीसी मोहम्मद इमराज रजा ने कहा कि जींद में बंदर पकड़ने के मामले में घोटाला होने की बात कही जा रही है। इस मामले की जांच स्वतंत्र जांच एजेंसी विजिलेंस से करवाने के लिए लिखा गया है। बंदर पकड़ने का ठेका जिस एजेंसी को दिया गया था, उसने पांच हजार से ज्यादा बंदरों को पकड़ने की बात कही है। इस मामले में स्वतंत्र जांच एजेंसी से ही जांच करवा कर किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। शहर को कैटलमुक्त तथा बंदरों निजात दिलाने के लिए जल्द टैंडर जारी किए जाएंगे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा मंगलवार को जींद के विकास कार्यों को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डीसी ने बताया कि मेडिकल कालेज के निकट पैरामेडिकल कालेज की योजना थी लेकिन वह सात या आठ एकड़ जगह है, जो कम है। अब उस जगह पर ट्रामा सेंटर बनाने की योजना है। पैरामेडिकल के लिए लगभग 40 एकड़ जगह चाहिए। अब उस जगह की तलाश की जा रही है। चारों तरफ हाइवे होने के कारण ट्रामा सेंटर का होना जरूरी है। भिवानी रोड अंडरपास का काम जल्द पूरा करवाया जाएगा। शहर में सार्वजनिक शौचालयों को साफ -सुथरा करने का काम तेजी से चल रहा है। डीसी ने बताया कि न्यू बस स्टैंड के सामने यू टर्न की सुविधा मिलने जा रही है। यहां पर लोगो को काफी दिक्कतों को सामना करना पड रहा था। 25 जनवरी को बड़ौदी में वाटर वर्क्स के निर्माण कार्य का श्रीगणेश हो जाएगा। जिससे शहर के लोगों को नहरी पेयजल की सुविधा मिलेगी। एकलव्य स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक लेगाने का काम शुरू हो जाएगा। आवारा पशुओं और बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर लगाया जा रहा है।

# प्रत्येक गांव में एक सोलर पावर हाउस बनाने का सुझावः विज

**सुविधा**

**विज ने बिजली /नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों की क्षेत्रीय कार्यशाला कार्यक्रम में की शिरकत**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा किसानों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को सुझाव दिया है कि राज्य के प्रत्येक गांव में एक सोलर पावर हाउस बनाया जाए, ताकि वहां पर जो भी ट्यूबवेल हैं, उनकी सप्लाई उस सोलर पावर हाउस से की जाए और किसानों के सभी ट्यूबवेल संचालित हो सकें। इससे किसानों को कोई एतराज भी नहीं होगा।विज आज जयपुर में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों के ऊर्जा/ बिजली /नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों की एक क्षेत्रीय कार्यशाला कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी सहित अन्य राज्यों के ऊर्जा और बिजली मंत्री भी उपस्थित थे। अनिल विज ने बताया कि ये सुझाव उनके द्वारा किसानों की जरूरतें जैसे जहां पर पानी गहरा है और 10 किलो वाट की मोटर नहीं चलती, उसे मद्देनजर रखते हुए दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से किसानों के लिए कुसुम योजना भी चालू की गई है और हरियाणा ने अपने टारगेट को हिट किया है, बल्कि हम टारगेट के पास पहुंच चुके हैं ताकि हरियाणा का हर किसान अपने ट्यूबवेल को सोलर एनर्जी से चलाए।

**हरियाणा सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तरफ से 50 हजार रुपए अतिरिक्त देने का निर्णय किया है: विज**

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूर्य घर योजना चलाई है। इसके तहत हर घर के ऊपर सोलर पैनल को लगाकर लोगों को सस्ती बिजली मुहैया कराई जा सके। इसमें सरकार सब्सिडी भी दे रही है और केंद्र सरकार 60 हजार रुपये दे रही है तथा हरियाणा सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपनी तरफ से 50 हजार रुपए देने का अपनी ओर से निर्णय किया हुआ है यानि 1,10,000 रुपए सब्सिडी के तौर पर दिए जाते हैं। विज ने कहा कि लोगों को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की बजाय लोगों को संबल बनाना चाहिए, ताकि उनको किसी के आगे हाथ पसारने की जरूरत न पड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं। विज ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर ऊर्जा योजना को हरियाणा में तेजी से लागू कर रहे हैं।

# जर्जर होती जा रही सड़कें बनती जा रही है हादसों का सबबः सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शहरों और गांवों में सड़कों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है, जर्जर होती सड़कों के गड्ढे हादसों का कारण बनते जा रहे है, इन हादसों में किसी की जान चली जाती है तो कुछ जीवनभर के लिए दिव्यांग हो जाते हैं। स्टेट हाइवें और संपर्क मार्गों की ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रदेश के अधिकतर जिलों में सड़कों की बदहाली को लेकर धरना प्रदर्शन होते आ रहे है। पिछले दस सालों में सड़कों की मरम्मत के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए गए हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पीपीपी मोड पर केंद्र सरकार टोल और नेशनल हाईवे को लेकर विकास के गीत गा रही है पर यह सरकार प्रदेश की सड़कों, संपर्क मार्ग और स्टेट हाइवे को लेकर मौन साधे हुए है। लिंक रोड की हालात किसी से छिपी नहीं हैं, ऐसे कई राज्य मार्ग और संपर्क मार्ग है जिनकी दस सालों में मरम्मत तक नहीं की गई है। एक दौर था कि गांवों में सड़कों का जाल बिछा हुआ था। केंद्र सरकार ने केवल और केवल नेशनल हाईवे की ओर ध्यान दिया, पर वहां पर टोल स्थापित की वाहन चालकों की जेब पर डाका डाला रहा है, हर वर्ष टोल के रेट बढ़ा दिए जाते हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार संपर्क मार्ग, स्टेट हाइवे और गांवों तक जाने वाली सड़कों की ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। हर जिला में गांवों तक जाने वाले मार्ग जर्जर हो चुके है, वाहन हिचकोले खाकर चलते है। सड़कों पर हुए गहरे गड्ढे हादसों का सबब बने हुए है। सरकार सब कुछ जानकर भी मौन साधे हुए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि अटेली से महेंद्रगढ़ जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। जर्जर सड़क पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी दुश्वार बना हुआ है। लोगों की शिकायतों पर पीडब्ल्यूडी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पलवल शहर की जर्जर सड़के अपनी दास्तां खुद बयान करती है। बड़खली चौक से पिनगवां-पुन्हाना से होते हुए होडल तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर हो चुकी है। ये सड़क जगह-जगह टूटकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।



**मरम्मत की मांग**

**कहा-संपर्क मार्ग और स्टेट हाइवे की बदहाली खुद बयान कर रही है अपनी दास्तां**

# प्लॉट बेचने के नाम पर 36 लाख ठगने के मामले में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार।** हिसार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने प्लॉट बेचने के नाम पर 36 लाख ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी आजाद नगर स्थित फ्रेंड्स कालोनी निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारी उप निरीक्षक बीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि आरोपी कुलदीप ने अपने साथी आजाद नगर निवासी सोनू के साथ मिलकर प्लॉट बेचने के नाम पर एचटीएम कालोनी, राजगढ़ रोड निवासी धर्मवीर शास्त्री के साथ इकरारनामा कर 36 लाख रुपए की ठगी की। उक्त प्लॉट आरोपियों के नाम था ही नहीं। इस मामले में बारे में एचटीएम कालोनी निवासी धर्मवीर शास्त्री ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने आजाद नगर निवासी कुलदीप से एक बालाजी फार्म हाउस राजगढ़ रोड पर 1239 गज के एक प्लॉट को तीन हजार रुपए प्रति गज के हिसाब से खरीदने के लिए 10 फरवरी 2023 को इकरारनामा किया। इसमें 24 लाख रुपए गवाहों की मौजूदगी में बयाने के रूप में देकर 10 जुलाई 2023 रजिस्ट्री की तारीख तय की। इसी दौरान प्लॉट मालिक बने कुलदीप ने जमीन खरीदने के नाम पर 12 लाख रुपए देवा निवासी सुनील कुमार के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाए और बाकी बचे रुपए रजिस्ट्री के समय देने तय हुए। शिकायत के अनुसार 10 जुलाई को प्लॉट मालिक बना कुलदीप रजिस्ट्री करवाने तहसील कार्यालय में नहीं आया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कुलदीप को उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने बारे कई बार प्रार्थना की लेकिन वह टाल मटोल करता रहता है। उप निरीक्षक बीर सिंह ने बताया कि पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी कुलदीप और सोनू ने योजना के तहत प्लॉट बेचने के नाम पर शिकायतकर्ता धर्मवीर शास्त्री के साथ 36 लाख रुपए

# एआईपीओसी में कल्याण ने किया विधान मंडलों की गुणवत्ता बढ़ाने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पीठासीन अधिकारियों के 85वें अखिल भारतीय सम्मेलन (एआईपीओसी) में विधान मंडलों की गुणवत्ता बढ़ाने का आह्वान किया है। कल्याण ने कहा कि विधान मंडलों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हमें माननीय सदस्यों की कार्यशैली में निखार लाना होगा और इसके लिए नियमित रूप से योजनाबद्ध ढंग से प्रयास करने होंगे। एआईपीओसी सम्मेलन मंगलवार को बिहार की राजधानी पटना में संपन्न हुआ। सम्मेलन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश समेत देश भर के सभी विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे। समापन समारोह को बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने संबोधित किया। इस दौरान हरियाणा विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने भी विधायी प्रक्रियाओं पर अपने विचार साझा किए।



**सम्मेलन के दौरान हरविन्द्र कल्याण ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ :** संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद एवं राज्य विधान मंडलों का योगदान विषय पर विस्तार से विचार रखे।

**कार्यशैली**

**कहा - संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली में लाना होगा निखार**

उन्होंने कहा कि हमारा देश तेजी से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम सभी को आज इस पवित्र मंच से संकल्प लेना चाहिए कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जिस प्रकार परिश्रम और तप से अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है, उसी प्रकार हमें भी देश हित को प्रथम वरीयता पर रख कर कार्य करना चाहिए। हरविन्द्र कल्याण ने विधायी कामकाज के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा वे लोग सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें इस संविधान को चलाने का दायित्व मिला है। उन्होंने कहा कि हम सब को प्रतिबद्धता के साथ सफलतापूर्वक इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि हमें महिलाओं और युवा वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ा कार्य जनभागीदारी से ही सिरे चढ़ सकता है। इसलिए हमें विधायी संस्थाओं को मजबूत करते हुए यह भी तय करना होगा कि विधान मंडलों की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि इससे अधिक से अधिक लोगों का कल्याण निहित रहे।

# शहर की गहन सफाई को लेकर निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के दौरे जारी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण** के नतीजों में शीर्ष स्थान अर्जित करने को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा प्रयासरत हैं। इसे लेकर शहर की साफ-सफाई को ओर सुदृढ़ करने के लिए वह लगातार शहर के दौरे कर रही हैं। इसके साथ-साथ डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को भी चैक किया जा रहा है। मंगलवार को दौरे में उन्होंने जोन नम्बर 1 के बसंत विहार, मंगलपुर व कैलाश गांव में जाकर साफ-सफाई व कूड़ा एकत्रीकरण को चैक किया। इस दौरान उन्होंने सम्बधित बीट के सुपरवाईजर को निर्देश दिए कि




सफाई कर्मियों में बराबर गलियां व क्षेत्र विभाजित किए जाएं। इसके साथ उन्होंने गलियों की गहन सफाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दरोगा, सुपरवाईजर व सफाईकर्मियों के हाजिरी रजिस्टरों की भी जांच की। हाजिरी के अनुसार सभी कर्मचारी ड्यूटी में मौजूद मिले। दौरे में उनके साथ अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण को देखने के लिए टिप्पर के साथ-साथ पैदल चली। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, इसे भी देखा। एक टिप्पर में गीला व सुखा कचरा अलग-अलग रखने के लिए विभाजन नहीं था, जिस पर चालक को विभाजन करने के सख्त निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एक टिप्पर तय गति पर न चलकर अधिक गति से चल रहा था और उसके साथ हैल्पर भी नहीं था, जिस कारण उन्होंने सुगम स्वच्छता एजेंसी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के अतिरिक्त निगम आयुक्त को निर्देश दिए। निराश्रित पशुओं को पकड़े? का चल रहा अभियान- निगमायुक्त ने बताया कि शहर को निराश्रित पशुओं से मुक्त करने के लिए नगर निगम का अभियान तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत रोजाना प्रातः बेसहारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त अगर कहीं से शिकायत प्राप्त होती है, तो वहां से भी पशुओं को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 5 निराश्रित गौवंश को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में अब तक करीब 180 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में भेजा गया है, जहां उनकी अच्छे से देखभाल की जा रही है। निगमायुक्त की नागरिकों से अपील- निगमायुक्त ने नागरिकों से शहर की बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की।

# वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**पुलिस अधीक्षक पूजा** वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आज यातायात पुलिस द्वारा टैक्सी स्टैंड नारनौल पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाए गए। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए निर्देश दिए। वाहन चालकों को बताया कि रात में हार्न के साथ डीपर का प्रयोग करें। इसके बाद ही ओवर टेक करें, ताकि हादसे से बचा जा सके। चालकों से शराब पीकर



किसी भी प्रकार का वाहन न चलाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वाहन चालक अपनी निर्धारित लेन, निर्धारित साइड में ही वाहन चलाएं। वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं, शराब पीकर वाहन ना चलाएं, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। ट्रक या टैंपो चालक किसी भी होटल या ढाबे के आगे वाहनों को सड़क पर खड़ा ना करें। अगर किसी वाहन मे तकनीकी खराबी हो जाती है तो ट्रक वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और पार्किंग लाइट व इंडिकेटर जलाएं।

# 73 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला की समाप्त

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। गांव पाली** निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग ने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के भाई ओमप्रकाश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव पाली का रहने वाला है। हम चार भाई हैं। मेरा सबसे बड़ा भाई 73 वर्षीय धर्मवीर सिंह अपना अलग मकान बनाकर परिवार सहित रहता है। 20 जनवरी को समय करीब 7:30 बजे वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था। समय करीब नौ बजे उसके भाई धर्मवीर सिंह की पत्नी सुशीला देवी पानी रखने के लिए कमरे में आई तो उन्होंने देखा कि धर्मवीर सिंह ने कमरे में लगे पंखे से फांसी का फंदा रस्सी से लगाकर लटका हुआ मिला। सुशीला देवी ने इसकी सूचना मेरे को दी। वह तुरंत मौके पर आया तो देखा कि भाई धर्मवीर सिंह ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली हुई थी। इसके बाद उसने भाई की नब्ज चेक की तो उसमें कुछ भी नहीं बचा हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस मौके पर आई। फिर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया।

# पुलिस ने ग्रामीणों को यातायात नियम व साइबर अपराध की जानकारी दी

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ के गांव सिसोठ** में सड़क सुरक्षा माह के तहत महेंद्रगढ़ सदर थाना पुलिस ने ग्रामीणों को यातायात नियम व साइबर अपराध की जानकारी दी। टीम ने यातायात नियमों, संकेतों व चिन्हों, साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन नहीं चलाने देना चाहिए। नियमों की पालना कर हम न केवल दुर्घटना से बच सकते हैं बल्कि दूसरों को भी इससे नियमों का पालन करने की सीख मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब भी अपना वाहन लेकर जाएं तो हेलमेट अवश्य लगाकर चलाएं और वाहन



के पूरे दस्तावेज भी अपने साथ रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। बगैर हेलमेट पर एक हजार रुपये और प्रदूषण प्रमाण-पत्र न होने दस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। वाहन चालकों को चाहिए कि वो यातायात के नियमों का पालन करें। टीम ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहन कर चलना चाहिए, जिससे उनका जीवन सुरक्षित रहे। साथ ही यातायात नियमों का पालन किए जाने हेतु अपील की गई एवं हेलमेट एवं सीटबेल्ट न लगाने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाईस दी गई। साथ ही लोगों को समझाईस दी गई की अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज रफ्तार वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने से होती हैं। अतः महेंद्रगढ़ पुलिस अपील करती है कि शराब पीकर एवं तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाएं, यातायात नियमों का पालन करें। मोटर व्हीकल एक्ट की दी गई जानकारी में उपस्थित लोगों को मोटर व्हीकल एक्ट में विभिन्न नियम धाराओं और उसके उल्लंघन हेतु निर्धारित जुर्माने की

## न्यूज फ्लैश

### जन्मदिन पार्टी में डीजे को लेकर हुआ विवाद

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कस्बा घरौंडा** में जन्मदिन पार्टी में डीजे बंद करने की रिक्वेस्ट करने पर पड़ोसियों ने युवक को पीट दिया। आरोपियों ने उस पर कढ़ाही और ईंट से हमला किया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला 15 जनवरी का राजीव कॉलोनी का है। पीड़ित राहुल पांचाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह अपनी मां कैलाशो के साथ डीजे बंद करने की गुजारिश करने गए थे, लेकिन डीजे ऑपरेटर और घर के सदस्यों ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। रोहित और उनके साथियों ने खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर लो, डीजे बंद नहीं होगा। इसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। राहुल के अनुसार,आशीष ने लोहे की कढाही से उनके सिर पर हमला किया, जबकि रोहित ने लोहे की पत्ती से सिर पर वार किया। राहुल ने ईंट फेंकी और अन्य आरोपियों सुनील, बहादुर और डंडी ने लात-घूंसों से पिटाई की। इस हमले में उनकी मां को भी जान से मारने की धमकी दी गई। घायल राहुल को पहले घरौंडा के सीएचसी में प्राथमिक इलाज कराया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्हें करनाल के प्रभु अस्पताल में रेफर किया गया। डॉक्टरों ने उन्हें कई दिनों तक बयान देने के लिए फिट नहीं माना। 20 जनवरी को हालत सुधरने पर उन्होंने बयान दर्ज कराए। राहुल और उनके परिवार ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि राहुल के बयान के आधार पर थाना घरौंडा में रोहित, आशीष, राहुल, सुनील, बहादुर और डंडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 23 जनवरी को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाएगा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : 23 जनवरी** को सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती के उपलक्ष पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा पराक्रम दिवस मनाया जाएगा इस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए आज बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक जिला भाजपा कार्यालय कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई, जिसमें बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक डॉक्टर ऋषिपाल मथाना जी का मार्गदर्शन मिला व कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं तय की गई डॉक्टर मथाना जी ने कहा कि 2021 में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष पर पराक्रम दिवस की घोषणा की गई थी, तब से 23 जनवरी को बोस जी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है इस कार्यक्रम में श्री धर्मबीर सिंह मिजापुर जी मुख्य वक्ता के नाते रहेंगे व कुरुक्षेत्र जिला के भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सुशील राणा जी मुख्य अतिथि रहेंगे।आज की बैठक में जिला संयोजक डॉक्टर चांद दत्ता जी, जिला सहसंयोजक श्री बी एल अरोड़ा जी, महेंद्र सिंह मेहता, समे सिंह, रामसनेही, प्रेमचंद महला, मोहिंदर सैनी, शेर सिंह जी, अशोक सैनी, डॉ रामपाल सागवाल, धीरज गोयल जी व रामफल जी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने रोहतक में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया

**रोहतक।** देश के अग्रणी और सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउस में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज रोहतक, हरियाणा में अपनी नवीनतम शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। यह विस्तार रोहतक और आसपास के क्षेत्रों में निवेशकों के लिए निवेश संबंधी आसान और बेहतर समाधान प्रदान करने और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। नई शाखा एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, अशोका प्लाजा, ऑफिस नंबर 55, पहली मंजिल, दिल्ली रोड, रोहतक, हरियाणा - 124001 में स्थित है। श्री विनीत शुक्ला, आरआरबीएच, उत्तर, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने उद्घाटन समारोह की गरिमा बढ़ाई। नई शाखा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एक्सिस म्यूचुअल फंड के नेशनल हैड-रिटेल सेल्स श्री रोहित मट्टू ने कहा, रोहतक में हमारी नई शाखा का खुलना, क्षेत्र के निवेशकों और वितरकों के लिए निवेश संबंधी बेहतर और फायदेमंद समाधान सुलभ बनाने की एक्सिस एएमसी की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिव्यांगजनों व बुजुर्गों को बांटे जीवन सहायक उपकरण

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर । हलका विधायक** देवेंद्र कादियान ने कहा कि दिव्यांगों को सामान्य व्यक्ति से अलग न समझा जाए, वह भी हमारे समाज का एक अहम हिस्सा है, उन्हें भी सम्मान दिया जाए। जीवन सहायक उपकरण दिव्यांगजनों व बुजुर्गों के लिए एक सहारा बनेगा। दिव्यांगों की सहायता और सेवा करना एक पुनीत कार्य है। विधायक कादियान पैतृक गांव बजाना में अपने आवास पर सहायक उपकरण शिविर कार्यक्रम में बोल रहे थे। बजाना कलां के अलावा गांव बेगा में भी शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलिम्को आसरा संचालक प्रवीन लांबा ने की। आरयूवाई के तहत 141 बुजुर्गों को 40 व्हीलचेयर,



80 कान की मशीन व अन्य सामान एलिम्को आसरा सोनीपत की तरफ से विधायक के हाथों लाभार्थियों में वितरित किया गया। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग व बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी छा गई और कहा कि उनके जीवन में यह सहायक यंत्र कठिनाइयों को कम कर जीवन को सरल बनाने का काम करेंगी। अब वे कहीं भी आने जाने के लिए परेशान नहीं होंगे। इस मौके पर डा. विक्रम, डा. यशवीर, करण, मनीषा सैनी आदि मौजूद रहे। कादियान ने कहा कि क्षेत्र का संपूर्ण विकास कराना उनकी प्राथमिकता है। जल्द ही उनकी तरफ से जनहित में

**प्राथमिकता**

**दिव्यांगों को सामान्य व्यक्ति से अलग न समझा जाए, वह भी हमारे समाज का एक अहम हिस्सा है, उन्हें भी सम्मान दिया जाए**

हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे। जिन पर कॉल कर शहरवासी बिजली, पानी, गंदगी इत्यादि से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवा सकेंगे। इसके बाद उनकी टीम सदस्य संबंधित अधिकारियों से तालमेल बनाकर उन समस्याओं का समाधान कराने का काम करेंगे। इससे आमजन को सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर नहीं काटने होंगे।

# शामली एनकाउंटर में मारे गए सतीश का गन्नौर में नहीं था आपराधिक रिकार्ड

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। शामली में** एनकाउंटर में मारे गया सतीश का पैतृक गांव शेखपुरा है। सतीश के पिता हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक थे। वह करीब 40 साल पहले अपने परिवार सहित करनाल में जा कर रहने लगे थे। सतीश का जन्म भी करनाल में हुआ था। उसके पिता की बीमारी के चलते 2017 में मौत हो गई थी। अब सतीश की मौत के बाद उसकी मां रजवंती और 2 बहनें बची हैं। जबकि उसका भाई नरवीर शादीशुदा है। वह भी अपने परिवार के साथ करनाल में ही रहता है। नरवीर की पत्नी रीना फाइनेंस कंपनी में काम करती है। सतीश की मौत के खबर मिलने के बाद गांव के लोग भी हैरान हैं। गांव के सरपंच कर्मबीर के अनुसार सतीश के दादा लख्मी बिजली विभाग में कार्यरत थे और उसके पिता हरियाणा पुलिस में नौकरी करते थे। उनका सारा परिवार बेहद शरीफ था। हालांकि 40 साल से गांव में उनका कम ही आना-जाना हुआ है। जिस वजह से गांव के लोगों का उनसे अब ज्यादा परिचय नहीं रहा। मृतक सतीश इससे पहले किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त नहीं रहा। पुलिस रिकार्ड के अनुसार उस पर किसी भी थाने में कभी कोई केस दर्ज नहीं है।

# महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा चलाया गया सर्चिंग अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ । पुलिस** अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्जों को निर्देश दिए हुए हैं कि संदिग्ध स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाएं और संदिग्धों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सतनाली थाना की पुलिस टीम ने अपने एरिया मे कॉम्बिंग एवं सर्चिंग अभियान चलाया। पुलिस द्वारा झुग्गी-झोपड़ी व अन्य संदिग्ध स्थानों पर गहनता से चेकिंग की गई, व्यक्तियों की गहनता से जॉंच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। टीम ने व्यक्तियों के आईडी संबंधित दस्तावेज चेक किए गए और पर्चा अजनबी काटे गए। पुलिस टीम द्वारा समयसमय पर कॉम्बिंग व सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। टीमो द्वारा कार्यवाही करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की तस्दीक की जा रही है। अभियान के दौरान अजनबी व्यक्तियों के पर्चे काट कर संबंधित थाना से जांच कराई जा रही है। महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति रहता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित व नजदीकी थाना/चौकी में दें। इसके अतिरिक्त जिस भी व्यक्ति ने अपना मकान/कमरा किराए पर दे रखा है या घरेलू नौकर रखा हुआ है।

# गुप्ति सागर महाराज पैदल दिल्ली के लिए रवाना हुए

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। शहर** के जैन तीर्थ गुप्ति धाम से दिल्ली के प्रीतमपुरा में होने वाले पंचकल्याणक महोत्सव के लिए परम पूज्य राष्ट्रभक्त गुरुदेव 108 गुप्ति सागर जी महाराज पैदल रवाना हो गए । गुप्ती सागर महाराज के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु भी पैदल रवाना हुए । रवाना होने से पूर्व गुप्त सागर महाराज का आशीर्वाद लेने के लिए दिल्ली, पानीपत, करनाल, सोनीपत, गन्नौर के अलावा अन्य जगहों से काफी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। गुप्ति सागर जी महाराज ने कहा कि सभी का लक्ष्य अलग-अलग होता है। राह और तौर तरीके भी भिन्न-भिन्न होते हैं। अपनी लक्ष्य पूर्ति



के लिए वे सदैव सावधानी रखते है। हर एक व्यक्ति अपना प्रयास रहता है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों की सिद्धि में प्रव' अपना बहुत बड़ा महत्व रखता है। कहा कि बड़े-बड़े संशोधनों ने खोज के पीछे अपने आप को लगाया। प्रयास जारी रखा, तभी उन्हें सफलता मिली। इसलिए जीवन में सफलता चाहते हो तो देव गुरु और धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा के साथ उनकी बातों का अनुसरण करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में मन, वचन, काया की शुद्धि होना जरूरी है। मन कोरे कागज जैसा होता है। जो जैसा निमित्त मिलता है, वैसा मन सोचने लग जाता है। उससे शुभ-अशुभ कर्मों का बंधन हो जाता है। मन को अपने नियंत्रण में रखना चाहिए। इससे वचन और काया में भी विकार आ जाते हैं। जिस प्रकार आत्मा दिखती नहीं, उसी प्रकार मन भी नहीं दिखता। मन ही कर्मों में उलझाने का कार्य करता है। महाराज के साथ मार्केट कमेटी सोनीपत के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल, अमित जैन उर्फ मुन्ना, मुकेश जैन, अजय जैन, आनंद, सुमित जैन, वरुण आदि दिल्ली रवानगी के समय शामिल रहे इसके बाद मुरथल में ओमेक्स के सामने गुप्ती सागर महाराज से भक्तों ने आशीर्वाद लिया।

# छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। सतनाली** आईटीआई में महेंद्रगढ़ पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता और महिला सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान निरीक्षक शारदा ने छात्राओं से कहा कि आप झिझक छोड़ कर अपनी समस्या बताइए, पुलिस उसका हर संभव निदान करेगी। आप हिम्मत से आगे बढ़िए, रास्ते आसान हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना डरे सामना करने की जरूरत है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। स्वयं को कमजोर समझने के बजाय डटकर मुकाबला करें पुलिस हमेशा आपके साथ है।



छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ सुरक्षा के गुर भी बताए गए। साथ ही छात्राओं को आत्मरक्षा करने के तरीकों, कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया और बेखौफ होकर शरारती तत्वों के खिलाफ शिकायत के लिए भी हौसला बढ़ाया। टीम ने बताया कि महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिले में महिला सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। छात्राओं को डायल 112 के ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी। छात्राएं/महिलाएं डायल 112

**जागरूक किया**

**इस दौरान निरीक्षक शारदा ने छात्राओं से कहा कि आप झिझक छोड़ कर अपनी समस्या बताइए**

पर कॉल कर ट्रिप मॉनिटरिंग का लाभ उठा सकती हैं और अपने सफर को सुरक्षित बना सकती हैं। सफर के दौरान पुलिस की टीम द्वारा महिला को तब तक ट्रैक किया जाता रहेगा, जब तक महिला अपने गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देकर नशे के विरुद्ध जागरूक किया और जागरूक करते हुए कहा कि नशा हमारे शरीर, परिवार, समाज और देश का सबसे बडा दुश्मन है, इससे दूर रहें और दूसरों को भी दूर रखें। नशे की लत लगने के कारण व्यक्ति को अपना शरीर, परिवार इत्यादि उसको कुछ दिखाई नहीं देता, वह नशे के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचकता और नशे के पीछे भाग कर अपनी जिन्दगी को बर्बाद कर लेता है, इसके साथ अपने परिवार को भी बर्बाद करता है। इसलिए घर के जिम्मेवार सदस्य होने के नाते अपने परिवार की तरफ ध्यान देकर नशे से बचें, नशा ना करने की शपथ लें।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर । नई अनाजमंडी** उपमंडल स्तरीय पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार से प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। गन्नौर में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम नई अनाज मंडी में धूमधाम से मनाया जाएगा । समारोह में होने वाली परेड में भाग लेने वाली पुलिस, होमगार्ड और विभिन्न स्कूलों की स्काउट तथा एनसीसी की टुकड़ि?ां ने नई अनाजमंडी में तैयारियों को रिहर्सल के प्रभारी व प्रिंसिपल सुरजीत खोखर ने



निरीक्षण किया। सुरजीत खोखर ने बताया कि कार्यक्रम में 14 सरकारी व गैरसरकारी स्कूलों के करीब 693 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है जो पीटी ,परेड,मार्चपास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी है। उन्होंने बताया कि 21 व 22 जनवरी को सामान्य रिहर्सल के बाद 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल की जाएगी। खोखर ने बताया कि 25 को रिहर्सल वाले बच्चों को विश्राम दिया जायेगा

## संपादकीय

# गणतंत्र होने के गहरे अर्थ हैं

**भारत** कुछ दिनों के बाद अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इसकी सारे देश में तैयारियां चल रही हैं। राजधानी दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अगर कोई पूछे कि भारत के लिए गणतंत्र दिवस क्यों खास है, तो इस सवाल का उत्तर होगा गणतंत्र राष्ट्र बनने के बाद देश अपने आंतरिक और बाहरी मामलों में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हो गया है। गणतंत्र होने का भारत के लिए बहुत गहरा और महत्वपूर्ण अर्थ है। यह सिर्फ एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के मूल्यों, इतिहास और भविष्य की दिशा को परिभाषित करता है। गणतंत्र ने भारत को अपनी राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक नीतियों को खुद तय करने का अधिकार दिया है। इसी की मार्फत देश में एक लोकतांत्रिक प्रणाली की स्थापना की गई, जिसमें जनता को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का हक मिला। भारत में संविधान लागू होने के बाद सभी वयस्क नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला। क्या यह सब सामान्य बातें हैं ? गणतंत्र देश बनने के बाद सरकार लोगों के प्रति उत्तरदायी बनी और उसे नियमित चुनावों के माध्यम से अपनी नीतियों का हिसाब देना होता है। क्या यह सब राजशाही या गोरी सरकार के वक्त संभव था... नहीं। गणतंत्र ने कानून के शासन की स्थापना की, जिसमें सभी नागरिक कानून के समक्ष समान हैं। नागरिकों को मौलिक अधिकार मिले, जैसे कि समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, आदि। ये अधिकार सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त हैं। इन अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है और कानून सभी नागरिकों को इन अधिकारों की रक्षा करता है। गणतंत्र बनने से भारत में कानून का शासन लागू हो गया। इसी के साथ देश में कानून के शासन की स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इसका मतलब है कि देश में सभी नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक स्थिति, धर्म, जाति या लिंग कुछ भी हो, कानून के समक्ष समान हैं। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है और सभी को कानून का पालन करना होता है। गणतंत्र बनने से पहले, भारत में ब्रिटिश शासन था, जहां कानून अंग्रेजों द्वारा बनाए जाते थे और उनका उद्देश्य भारत पर अपना नियंत्रण बनाए रखना था। उस समय, भारतीयों को समान अधिकार प्राप्त नहीं थे और उन्हें अक्सर भेदभाव का सामना करना पड़ता था। अब बात कानून के शासन की स्थापना में गणतंत्र बनने के बाद उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों की भी कर लेते हैं। भारत के संविधान ने कानून के शासन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान ने शक्तियों को सरकार के विभिन्न अंगों (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका) के बीच विभाजित किया, जिससे किसी एक अंग के पास अत्यधिक शक्ति न हो। देश में एक स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना की गई, जो कानूनों की व्याख्या करती है और यह सुनिश्चित करती है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले। न्यायपालिका कार्यपालिका और विधायिका के हस्तक्षेप से मुक्त है। कानून का शासन सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसी संस्थाओं का निर्माण किया गया, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि सरकार कानून के अनुसार काम करे।

# कैसे वाजिब है 70-90 घंटे काम करना?



डॉ सत्यवान सौरभ

> "साझा देखभाल जिम्मेदारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए माता-पिता की छुट्टी तक समान पहुँच प्रदान करें। कैरियर विकास या मुआवजे के मामले में कर्मचारियों को दंडित किए बिना अंशकालिक या लचीली कार्य व्यवस्था को बढ़ावा दें। ऐसी नीतियों को लागू करें जो कार्यालय के घंटों के बाद काम से अलग होने के कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करती हैं, जिससे बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा मिलता है। कर्मचारियों के पास आराम और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित करने के लिए साप्ताहिक कार्य घंटों (जैसे, 48 घंटे की सीमा) पर सख्त सीमाएँ लगाएँ। प्रबंधकीय पुरस्कारों को संगठनात्मक उत्पादकता और निष्पक्षता से जोड़कर पारिश्रमिक में असमानताओं को कम करें, सभी कर्मचारियों के लिए समान वेतन सुनिश्चित करें"

**लंबे** कार्य घंटों का महिमामंडन नहीं किया जाना चाहिए; इसके बजाय, टिकाऊ और कुशल कार्य अनुसूचियों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जो उत्पादकता और कर्मचारी कल्याण दोनों को बढ़ावा दें। संतुलित और प्रेरित कार्यबल बनाने के लिए समान वेतन संरचना और वास्तविक समावेशिता आवश्यक है। प्रणालीगत असमानताओं को पहचानना और उनका समाधान करना एक निष्पक्ष कार्य वातावरण को बढ़ावा दे सकता है। एक संपन्न कार्यबल व्यक्तिगत कल्याण और पारिवारिक जीवन के महत्त्व को स्वीकार करता है, तथा इन मूल्यों को कार्यस्थल संस्कृति में एकीकृत करता है। इसका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ पुरुष और महिलाएँ स्वास्थ्य, परिवार या व्यक्तिगत समय से समझौता किए बिना व्यावसायिक सफलता प्राप्त करें, तथा एक समतापूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए सभी श्रमिकों की पूरी क्षमता का उपयोग करें। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यन ने हाल ही में सुझाव दिया था कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए कर्मचारियों को रविवार सहित प्रति सप्ताह 90 घंटे तक काम करना चाहिए।

"लालची नौकरियाँ" उन भूमिकाओं को संदर्भित करती हैं जो समय, ऊर्जा और प्रतिबद्धता के अनुपातहीन रूप से उच्च स्तर की माँग करती हैं, अक्सर उत्पादकता या परिणामों के बजाय लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करती हैं। "लालची नौकरियों" का लिंग समानता और कार्य-जीवन संतुलन पर प्रभाव के साथ करियर विकास पर प्रभाव पड़ता है। महिलाएँ मुख्य रूप से घरेलू ज़िम्मेदारियाँ संभालती हैं, इसलिए वे लालची नौकरियों की माँग के अनुसार लंबे समय तक काम करने, देर रात तक मीटिंग करने और यात्रा करने में असमर्थ होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि नेतृत्व की भूमिकाएँ निभाने वाली महिलाओं की संख्या कम होती है, जिससे कार्यस्थल पर असमानताएँ बढ़ती हैं।

महिला श्रम शक्ति भागीदारी में वृद्धि के बावजूद, कार्यबल में हर 10 पुरुषों के लिए केवल 4 महिलाएँ हैं। यह महिलाओं द्वारा असमान रूप से उठाए जाने वाले अवैतनिक घरेलू कार्यभार से जुड़ा है, जो उनकी आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रणालीगत बाधाएँ पैदा करता है। लंबे समय तक काम करने वाले कर्मचारियों, पुरुषों और महिलाओं दोनों को ही आराम करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएँ होती हैं। यह व्यक्तियों और संगठनों के लिए दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ नहीं है। लालची नौकरियाँ परिवार के साथ बातचीत और देखभाल में भागीदारी को कम करती हैं, जिससे महिलाओं पर बोझ बढ़ता है। घरेलू कामों में पुरुषों का सीमित योगदान इस असंतुलन को बढ़ाता है। नोबेल पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन "लालची" नौकरियों की पहचान उन भूमिकाओं के रूप में करती हैं, जिनमें पर्याप्त वेतन मिलता है, लेकिन लंबे समय तक काम करना पड़ता है, व्यापक नेटवर्किंग, देर रात तक बैठकें करनी पड़ती हैं और लगातार यात्रा करनी पड़ती है।

ये भूमिकाएँ अक्सर व्यक्तियों को व्यक्तिगत और पारिवारिक जिम्मेदारियों से अलग कर देती हैं, तथा अन्य सभी चीजों से ऊपर पेशेवर प्रतिबद्धताओं को प्राथमिकता देती हैं। दोनों काम करने वाले परिवारों के लिए चुनौतियाँः जिन परिवारों में दो कामकाजी माता-पिता होते हैं, उनमें बच्चों के पालन-पोषण की मांग के कारण आमतौर पर केवल एक ही "लालची" नौकरी कर सकता है। दूसरे माता-पिता को द्वितीयक भूमिका में रखा जाता है, जिसे अक्सर "मम्मी ट्रैक" के रूप में संदर्भित किया जाता है, जहाँ वे घरेलू और बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियों का प्रबंधन करते हैं, जैसे स्कूल की गतिविधियाँ, चिकित्सा आवश्यकताएँ और पाठ्येतर गतिविधियाँ। जबकि "मम्मी ट्रैक" की भूमिका माता-पिता में से किसी एक द्वारा निभाई जा सकती है, सामाजिक मानदंड और अपेक्षाएँ अक्सर यह बोझ महिलाओं पर डालती हैं। परिणामस्वरूप, महिलाएँ अक्सर पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए करियर में उन्नति और उच्च वेतन को छोड़ देती हैं। महिलाओं का कैरियर पथ प्रायः अवरुद्ध रहता है, जिससे नेतृत्वकारी भूमिकाएँ और कैरियर विकास के उनके अवसर सीमित हो जाते हैं। "लालची" नौकरियों और "मम्मी ट्रैक" के बीच का विभाजन वेतन अंतर को बढ़ाता है, यहाँ तक कि उच्च शिक्षित व्यक्तियों के बीच भी, क्योंकि पुरुष उच्च वेतन वाली, मांग वाली भूमिकाओं पर हावी हैं। यह गतिशीलता कार्यस्थल और समाज में प्रणालीगत लैंगिक असमानता को कायम रखती है। परिणाम-आधारित प्रदर्शन मीट्रिक पेश करें जो कार्यालय में बिताए गए समय के बजाय परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे लंबे समय तक काम करने के घंटों का महिमामंडन कम होता है।

साझा देखभाल जिम्मेदारियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए माता-पिता की छुट्टी तक समान पहुँच प्रदान करें। कैरियर विकास या मुआवजे के मामले में कर्मचारियों को दंडित किए बिना अंशकालिक या लचीली कार्य व्यवस्था को बढ़ावा दें। ऐसी नीतियों को लागू करें जो कार्यालय के घंटों के बाद काम से अलग होने के कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करती हैं, जिससे बेहतर कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा मिलता है। कर्मचारियों के पास आराम और व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के लिए पर्याप्त समय सुनिश्चित करने के लिए साप्ताहिक कार्य घंटों (जैसे, 48 घंटे की सीमा) पर सख्त सीमाएँ लगाएँ। प्रबंधकीय पुरस्कारों को संगठनात्मक उत्पादकता और निष्पक्षता से जोड़कर पारिश्रमिक में असमानताओं को कम करें, सभी कर्मचारियों के लिए समान वेतन सुनिश्चित करें। घरेलू बोझ को कम करने के लिए साइट पर चाइल्डकैअर सुविधाओं और देखभाल सेवाओं का समर्थन करें। कार्यस्थल की संस्कृति को बढ़ावा दें जो कल्याण को महत्त्व देती है और परिवार के अनुकूल प्रथाओं को प्राथमिकता देती है। उन रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें जो केवल महिलाओं के साथ देखभाल को जोड़ती हैं और कर्मचारियों के बीच साझा घरेलू जिम्मेदारियों को बढ़ावा देती हैं। सरकारी नीतियों की वकालत करें जो कंपनियों को कर लाभ और प्रमाणन जैसे परिवार के अनुकूल और लिंग-समान प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। एक संतुलित समाज सभी श्रमिकों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने और दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करने की कुंजी है। लंबे कार्य घंटों का महिमामंडन नहीं किया जाना चाहिए; इसके बजाय, टिकाऊ और कुशल कार्य अनुसूचियों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए जो उत्पादकता और कर्मचारी कल्याण दोनों को बढ़ावा दें। संतुलित और प्रेरित कार्यबल बनाने के लिए समान वेतन संरचना और वास्तविक समावेशिता आवश्यक है। प्रणालीगत असमानताओं को पहचानना और उनका समाधान करना एक निष्पक्ष कार्य वातावरण को बढ़ावा दे सकता है। एक संपन्न कार्यबल व्यक्तिगत कल्याण और पारिवारिक जीवन के महत्त्व को स्वीकार करता है, तथा इन मूल्यों को कार्यस्थल संस्कृति में एकीकृत करता है। इसका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ पुरुष और महिलाएँ स्वास्थ्य, परिवार या व्यक्तिगत समय से समझौता किए बिना व्यावसायिक सफलता प्राप्त करें, तथा एक समतापूर्ण और समृद्ध भविष्य के लिए सभी श्रमिकों की पूरी क्षमता का उपयोग करें।



## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# रंगमंच के सामाजिक सरोकार

**कुमार कृष्णन**

**संस्कृतिकर्मी** अनीश अंकुर की पुस्तक 'रंगमंच के सामाजिक सरोकार' समकालीन रंगपरिदृश्य में हस्तक्षेप की तरह है। इसमें रंगमंच के उन पहलुओं पर विचार किया गया है जिन पर अमूमन कम चर्चा होती है।

राज्य सभा सांसद महुआ माजी ने उषा गांगुली, जात्रा आदि का उदाहरण देते हुए कहा " अनीश अंकुर ने रंगकर्म के अंदर के उठी बहसों, प्रवृत्तियों और परिघटनाओं पर कलम चलायी है। इन परिघटनाओं की पृष्ठभूमि में किस किस्म की समाजी व सियासी शक्तियाँ काम करती रही है इस ओर इशारा किया गया है।" साहित्यकार और आलोचक अरुण कुमार ने कहा " इस पुस्तक में बिहार रंगमंच पर काफी अच्छी सामग्री है। आलेखों, टिप्पणियों के अलावा रंगजगत के प्रमुख निर्देशकों व अभिनेताओं के दुर्लभ साक्षात्कार हैं। ये साक्षात्कार पाठकों को रंगकर्म के कई नए आयामों से परिचित करायेंगे।" प्रकाश देवकुलिश ने कहा कि " 'रंगमंच के सामाजिक सरोकार' हमें भारतीय और विश्व रंगमंच की उन शख्सियतों से परिचित कराती है जिनके बगैर रंगमंच सम्बन्धी कोई बातचीत पूरी नहीं होती। ऐसे व्यक्तियों का रंगकर्म किन विचारों से प्रभावित रहा है, उसे यह पुस्तक सामने लाने की कोशिश करती है।" डॉ. उर्वशी ने बात को आगे बढ़ाते हुए कहा " इस किताब से अध्यापन कार्य में सुविधा होगी। बिहार विशेषकर पटना रंगमंच हिन्दी क्षेत्र में अपनी सृजनात्मक गतिविधियों के अलावा बौद्धिक और सामाजिक हस्तक्षेप के लिए भी जाना जाता है। पर इसके बारे में लिखा बहुत कम गया है। पुस्तक इस अभाव को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

पुस्तक लेखक अनीश अंकुर ने अपने संबोधन में कहा " शेक्सपीयर ने अपने नाटकों में यह सवाल उठाया कि यह जीवन जीने लायक है या नहीं। टु बी और नॉट टू बी। 1857 के महाविद्रोह के दौरान जब भारतीयों का नृशंसता से दमन किया गया तब तक पहला विद्रोह नाटक के माध्यम से शुरू हुआ। नाटकों से पैदा होने वाले विरोध का मुंह बंद करने के लिए अंग्रेज ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट, 1876 लाये। आज तक यह काला कानून भारत के कुछ हिस्सों में बरकरार है। हबीब तनवीर ने नाटक में अरस्तू के थ्री यूनिटीज के सिद्धांत के बदले रस की अवधारणा को लाकर भारतीय रंग पद्धति की खोज की। इसकी प्रेरणा उन्हें ब्रेख्त से मिली। " एम. जेड खान के अनुसार " अनीश अंकुर ने रंगमंच से जुड़े अपने उन साथियों को भी याद किया है जो असमय इस दुनिया से चले गए परंतु अपने छोटे से जीवन में बिहार के जनपक्षधर रंगकर्म पर अपनी अमिट छाप छोड़ गए है।" प्रकाश सहाय ने कहा " यह पुस्तक न सिर्फ रंगकर्मियों के लिए बल्कि सामाजिक-राजनीतिक सरोकारों वाले हर व्यक्ति के लिए उपयोगी साबित हो सकती है।" रांची में आयोजित पुस्तक मेले में संस्कृतिकर्मी अनीश अंकुर की पुस्तक पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेखिका व राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद थी ।

## विचार

# मानव जीवन और सूर्य

(डॉ. गुलाबचंद कोटडिया

**प्रकृति** का सबसे महान घटक सूर्य है जिसके बारे में आज भी हम बहुत कम जानते हैं। अनुमान ही अधिक लगाते हैं। चांद पर तो मानव चढ़ भी गया,यात्रा करके आ गया पर सूर्य के हजारों मील दूर ही वह खड़ा रह सकता है अन्यथा भस्म हो जाएगा। हमारे वैदिक व हिन्दू पूर्वज अध्येताओं ने समय नापने की एक सीमा बांधी थी उसका नामकरण भी सूर्य पर ही किया है। 4.32 मिलियन सूर्य वर्ष अर्थात उसे एक महायुग माना। खगोलशास्त्री लाखों वर्षों से शोध में लगे है और समय समय पर शून्याकाश या अंतरिक्ष के रहस्यों की थोड़ी थोड़ी जानकारी देते रहते हैं, अंतरिक्ष में अवस्थित स्पेस शटल प्रयोगशाला से विकसित देश इस सूर्य ज्ञान की ओर अग्रसर है। भौतिक विज्ञानी और रसायनशास्त्री भी इस बारे में नए नए प्रयोग करते रहते हैं। पर हमारी भारतीय संस्कृति व पूर्वज ऋषि मुनिगण हिमालय जैसे हिम प्रदेश में निवास कर ऐसे ज्ञान का विकास कर चुके थे जो आज भी प्रासंगिक है। विविध क्षेत्रों में उन्होंने कई पद्धतियां अपनाई व सिद्धांतों का प्रतिपादन भी किया।

पाश्चात्य विज्ञानी पोल ब्रंट ने भारत में भ्रमण कर प्राचीन ऋषि मुनियों के बारे में खूब जानकारी हासिल की और एक किताब लिखी 'ए सर्च इन सीक्रेट इंडिया' उसमें उन्होंने महायोगी स्वामी विशुद्धानंदजी का खास उल्लेख किया जो सूर्य विज्ञान या सिद्धांत के मर्मज्ञ थे। उनको सूर्य की साधना द्वारा कई सिद्धियां प्राप्त हो चुकी थी। महर्षि पतंजलि के जीयंतर परिणाम अर्थात एक वस्तु के दूसरे वस्तु में परिवर्तन या रूपांतरण की वैज्ञानिक जानकारी उन्होंने प्रस्तुत की।

स्वामी विशुद्धानंद के मतानुसार विश्व में हर स्थान पर सभी वस्तुएं शाश्वत रूप से विद्यमान रहती हैं परंतु सभी वस्तुएं एक समय में व्यक्त नहीं होती। पदार्थ मात्रा या गुण धर्म अधिक विकसित हो तभी प्रस्फुटित होकर प्रगट हो सकती है। सूर्य विज्ञान का मतलब भी यही है कि एक पदार्थ में परिवर्तन या रूपांतरण करने का विज्ञान या शास्त्र। उदाहरण स्वरूप लोहे का टुकड़ा है। वह मात्र लोहे का टुकड़ा नहीं होता। उसमें कई अन्य तत्व या पदार्थ अव्यक्त रूप से उपस्थित रहते हैं। उसमें थोड़ी मात्रा या अंश में स्वर्ण भी मौजूद रहता है परंतु सूक्ष्म स्वरूप की सुषुप्त अवस्था को जागृत किया जाए, उसमें स्वर्ण मात्रा बढ़ाई जाए तो लौह का अस्तित्व या लौह भाव दब जाता है और स्वर्ण भाव बढ़ जाने से लौह खंड का टुकड़ा सोने का हो जाता है। पारस पत्थर की कल्पना पूर्वजों ने ऐसे ही नहीं की थी। लोहे का पारस पत्थर छूकर वह सोने का बन जाना इसी सिद्धांत के अनुरूप है। हमारे शास्त्रों में कहा भी है कि दुनिया में जितने भी नाम पदार्थ या शब्द हैं वे सभी अस्तित्व में है। यह अलग बात है कि कुछ चीजें अदृश्य व अव्यक्त रहती हैं कुछ दृश्यमान व व्यक्त हो जाती हैं या हो सकती हैं। इसी सिद्धांत को लेकर विज्ञानी आगे बढ़े और अध्ययन व प्रयोग से इतनी वस्तुओं का आविष्कार कर पाए हैं और कई नई नई चीजें हमारे सामने प्रगट हो रही हैं।

जैन शास्त्रों में त्रिपदी है। उत्पन्ने इवा, विगमेईवा, धूवे ईवा अर्थात उत्पन्न होता है, नष्ट होता है व स्थिर रहता है। जगत का यही शाश्वत स्वभाव है। सुषुप्त व जागृत अवस्था साथ साथ चलती है। लोहे का टुकड़ा नष्ट नहीं हुआ सोना नहीं बना पर दोनों तत्व उसमें मौजूद है। मात्रा में घनत्व का अंतर हो सकता है। अगर तत्व या पदार्थ की मात्रा किस प्रकार परिवर्तित की जाए उसका ज्ञान किसी को हो जाए तो कहीं भी कभी भी कोई भी वस्तु हाजिर की जा सकती है। योग शास्त्र की परंपरा मात्र हमारे देश में ही थी। योग शक्ति द्वारा पदार्थ का रूपांतरण इसी प्रकार होता है तथा उसमें सूर्य विज्ञान सहायक होता है। उसकी सहायता आवश्यक होती है।

महर्षि पतंजलि ने सूर्य विज्ञान के बारे में बहुत ही गंभीर विशिष्ट संशोधन किया था। उनके अनुसार सूर्य की किरणों में अलग अलग रंग या रश्मियां विद्यमान रहती है। उसका समन्वित रंग मात्र श्वेत है जिसे विशुद्धात्मक तत्व कहा जाता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सर्दियों में हाथों की रूखी त्वचा की देखभाल

**मौसम** कोई भी हो लेकिन हाथ दिन-रात काम करते हैं। हाथों की त्वचा मौसम की मार, धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है। सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ रोजाना के कामकाज के दौरान बार-बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं। सर्दियों में हम जहाँ शरीर के बाकी हिस्सों को गर्म कपड़े, स्वेटर, शॉल आदि से ढंक कर रखते हैं लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं। इससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं। इससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में वातावरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आपके हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं। वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती है। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों की बाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डमेर्टाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाये। मेरा मानना है कि साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अल्कोहल आधारित सेनिटाइजर का हाथों पर बार-बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुँचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, बेजान और मुरझाये दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट या घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है, इससे ह्यएक्जिमाह्न जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ादायक हो सकती है। वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है, जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है। यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जो त्वचा की सामान्य नमी बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग/सेनिटाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता हैं।

# साहसी व पराक्रमी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**नेताजी** सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 127 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे। 26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया।

## न्यूज फ्लैश

### बड़ी गांव में नर्सरी के अंदर खड़ी बैलेरो पिक-अप गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर । बड़ी गांव** में नर्सरी के अंदर खड़ी बैलेरो पिक-अप गाड़ी चोरी हो गई । गाड़ी के मालिक ने गाड़ी की आसपास तलाश के बाद बड़ी औद्योगिक थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया । पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर गाड़ी की तलाश शुरू कर दी । पुलिस को दी शिकायत में शहनवाज खान निवासी बावन खेड़ी, तहसील हसनपुर, उत्तर प्रदेश ने बताया कि 19 जनवरी की रात को नर्सरी में बैलेरो पिक-अप सफेद रंग की नर्सरी के अंदर खड़ी की थी। जिसे किसी व्यक्ति ने नर्सरी का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। शिकायत के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर गाड़ी की तलाश शुरू कर दी।

### बोलेरो पिकअप गाड़ी ने रॉन्ग साइड से मोटरसाइकिल चालक को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज

**गन्नौर। गन्नौर से** हलदाना की तरफ जाते समय गांव बाय रोड के पास गलत साइड से आ रही बोलेरो पिकअप गाड़ी ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी, टक्कर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल चालक को उपचार के लिए गन्नौर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव भिगान निवासी सुनील ने बताया कि 19 जनवरी को वह अपनी मोटर साईकिल पर गन्नौर से हलदाना की तरफ जा रहा था जब में गांव बाय रोड से थोड़ी आगे पहुँचा तो सामने से गलत साइड से चलाते हुए बोलेरो पिकअप गाड़ी का चालक लापरवाही से चलाता हुआ आया और मेरी मोटर साईकिल मे टक्कर मार दी। जिससे मेरे पैर मे भारी चोट लगी। फिर गाडी चालक सागर गांव चुलकाना अपनी गाडी को रोककर मेरे पास आया था । उसके बाद छोटे भाई प्रवीन के पास फोन किया, वह उपचार के लिए सोनीपत के निजी अस्पताल में लेकर गया । पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### महिला पर चाकू से हमला कर लूट करने वाले तीन आरोपी काबू, 1 हजार रूपए, वारदात में प्रयुक्त चाकू व कार बरामद

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए वन पुलिस टीम ने देवी लाल पार्क के पास महिला पर चाकू के हमला कर लूट करने वाले तीन आरोपियों को वारदात के महज 30 घंटे के दौरान काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान सुरेंद्र निवासी काबड़ी, ओमप्रकाश निवासी बाल जाट्टान व प्रवीन निवासी बीपीएल कॉलोनी टीडीआई के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में हरि नगर रामस्वरूप चौक निवासी महिला शिवानी पत्नी ईंद्रेश ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह मजदूरी करती है। 19 जनवरी को दोपहर करीब 2:30बजे वह अपनी सहेली शिव कुमारी व सुनीता के साथ देवीलाल पार्क में घूमने के लिए गई थी। जहा पर तीन अज्ञात युवक एक कार में आए और उस पर चाकू से हमला कर 1 हजार रूपए छीनकर फरार हो गए। थाना सेक्टर 13/17 में महिला शिवानी की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए सोमवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर तीनों आरोपियों को बाबरपुर गंदा नाला के पास से कार सहित काबू किया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने लूट की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों ने पूछताछ में अपनी पहचान सुरेंद्र पुत्र सतपाल निवासी डेरा बुधराम काबड़ी, ओमप्रकाश पुत्र करबभान निवासी बाल जाट्टान व प्रवीन पुत्र ओमप्रकाश निवासी बीपीएल फलैट टीडीआई के रूप में बताई। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के पैसों की जरूरत पड़ी तो तीनों आरोपियों मिलकर 19 जनवरी को दिन के समय देवीलाल पार्क के पास महिला से लूट की उक्त वारदात को अंजाम दिया। महिला ने लूट का विरोध किया तो आरोपी सुरेंद्र ने चाकू से मुहं पर चोट मारी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए 1 हजार रूपए, वारदात में प्रयुक्त एक सेंट्रो कार व एक चाकू बरामद कर मंगलवार को पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# प्रतिभावान विद्यार्थी है स्कूल की पहचानः प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

## कुलपति ने यूनिवर्सिटी स्कूल के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः किसी भी** संस्थान के प्रतिभावान छात्र उसकी पहचान होते हैं। छात्रों की प्रतिभा के दम पर ही संस्थान का नाम होता है और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है। यूनिवर्सिटी स्कूल के छात्र जहां भी जाते हैं वे विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने का कार्य करते हैं। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंड्री मॉडल स्कूल के छात्रों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र



पाल, स्कूल की वाईस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल व स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह उपस्थित थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों का सम्पूर्ण विकास हो, इसके लिए उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियां समय-समय पर करवाई जाती है जिनके परिणाम सार्थक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उसकी पहचान कर उन्हें सही दिशा की ओर अग्रसर करना। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि बाल्यकाल से ही छात्रों को सही दिशा दी जाए तो वे जीवन में अपने माता-पिता, शिक्षकों, स्कूल, प्रदेश व देश का नाम अवश्य ही रोशन करते हैं। दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्कूल की 11वीं की छात्रा अनुष्का शर्मा ने बॉक्सिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 5वीं के छात्र हार्दिक ने 27 किलोग्राम भार वर्ग की मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा इसी प्रतियोगिता में कक्षा चौथी के माधव ने 24 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ-साथ गत दिवस टेरी संस्थान में आयोजित राज्यस्तरीय रेगालिया 2025 क्विज में यूनिवर्सिटी स्कूल की टीम में शामिल कक्षा 12वीं छात्र लक्षित सैनी व छात्रा भूमिका ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

## युवा संगम फेज पांच के अंतर्गत हकेवि के विद्यार्थी मध्य प्रदेश के लिए हुए रवाना




**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। एक भारत** श्रेष्ठ भारत के युवा संगम फेज पांच के अंतर्गत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मंगलवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर से विद्यार्थियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के अंतर्गत विद्यार्थी मध्य प्रदेश के पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पारस्परिक संपर्क के माध्यम से बहुआयामी अनुभव मिलेगा। कुलपति ने इस अवसर पर आयोजन के लिए भारत सरकार विशेषकर शिक्षा मंत्रालय के प्रति भी आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के नोडल ऑफिसर डॉ. आरपी मीणा ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्य प्रदेश, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का सहयोगी संस्थान है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित युवा संगम फेज पांच के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के नेतृत्व में विद्यार्थियों के समूह ने बीते दिनों हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व हरियाणा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर हरियाणा के इतिहास, कला व संस्कृति को जाना समझा।

## सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में** ओवरस्पीड वाहन ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी। इसके बाद बेकाबू होने से बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में 16 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जो अपने पिता के लिए खाना लेकर जा रहा था।हादसा बीते देर शाम गोविंदगढ़ गांव के पास हुआ। मृतक की पहचान सुनील निवासी पखाना के नाम से हुई है। पिता धर्मपाल ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। उसका बेटा सुनील 11वीं कक्षा छात्र था, जो गांव के स्कूल में ही पढ़ता था। पिता ने बताया कि सुनील कल देर शाम बाइक से खाना लेकर मेरे पास आ रहा था।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : नगराधीश डा. रमन** गुप्ता ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रशासन द्वारा 13 कमेटियों का गठन किया गया है। इन कमेटियों में एक नोडल अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी और कर्मचारी मेहनत और लग्न के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेंगे ताकि गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में कोई कमी ना रहे। इस राष्ट्रीय पर्व को लेकर परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की जा रही है और 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल का आयोजन



किया जाएगा। नगराधीश डा. रमन गुप्ता ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाया जाना है। इस बार भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में होगा। इस आयोजन में तमाम प्रबंधों को समय रहते पूरा करने के लिए 13 कमेटियों का गठन किया गया है। इसमें शहीदी स्मारक स्थल पर 26 जनवरी को मुख्य अतिथि द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके लिए शहीदी स्मारक स्थल पर सेरेमोनियल गार्ड और बिगुलर का प्रबंध, सफाई व्यवस्था सहित अन्य प्रबंध किए जाने है। इसके बाद पुलिस लाईन मुख्य कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज के फहराने से संबंधित तमाम प्रबंध किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय पर्व पर पुलिस की 2 प्लाटून, महिला पुलिस, होमगार्ड, पुलिस बैंड, एनसीसी, एनएसएस व निर्वाचन विभाग की एक-एक प्लाटून परेड में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि परेड को रिहर्सल के लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागीय स्तर की तैयारियां समय रहते पूरा करेंगे। इस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को पुलिस लाईन में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर होगी। इस कार्यक्रम के लिए सभी गणमान्य लोगों को प्रशासन की तरफ से आमंत्रित किया जाएगा और ई-कार्ड भी भेजे जाएंगे।

## किसान की जमीन पर कब्जा कर खड़ी फसल बेचने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल** के घरौंडा के पीर बडौली गांव में एक किसान की जमीन पर कब्जा कर उसकी खड़ी गन्ने की फसल को जबरन काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने उसकी फसल चोरी करके काट कर बेच दी और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बोधराज ने बताया कि उसका परिवार पिछले 60 सालों से इस जमीन पर काबिज है। वह गैर पुश्तैनी काश्तकार के तौर पर इस जमीन पर खेती करता आ रहा है। इससे पहले जमाबंदी में उसके पिता मोल्ड का नाम दर्ज था, जिनकी 2005 में मौत हो गई थी। बोधराज ने अपनी शिकायत में बताया कि इससे पहले भी नासिर ने उसकी फसल को नुकसान पहुंचाने और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद 2021 में नासिर के खिलाफ घरौंडा थाने में केस दर्ज हुआ था, जो कोर्ट में विचाराधीन है। बोधराज ने बताया कि कोर्ट ने 9 अगस्त 2022 को उसके पक्ष में स्टे ऑर्डर पारित कर पुलिस को उसका कब्जा बहाल करने के निर्देश दिए थे। पुलिस सहायता से 29 जुलाई 2022 को कब्जा बहाल भी कराया गया था।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शोभायात्रा आज

**टीम एक्शन डिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**तहसील कैंप** के एवन पब्लिक स्कूल परिसर में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा का स्वागत किया गया` इस अवसर पर वीरेंद्र तनेजा, मनोज कुमार, पंकज खुसरिजा और राजेश बत्रा ने भी विनय अरोड़ा का स्वागत किया` कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष विनय अरोड़ा ने कहा कि श्री राम मंदिर, अयोध्या की स्थापना की पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर एक शोभायात्रा का आयोजन सहयोग




मार्किट एसोसिएशन एवं एवन पब्लिक स्कूल, तहसील कैंप के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है । यह शोभायात्रा 22 जनवरी सुबह 9:30 बजे ब्रह्मकुमारी आश्रम बरसत रोड से शुरू से आरंभ होकर सब्जी मंडी तहसील कैंप, फतेहपुरी चौक से होते हुए जटटू चौंक एवन पब्लिक स्कूल में 1:00 बजे पहुंचेगी` स्कूल परिसर में ही शोभा यात्रा का समापन होगा । उन्होंने कहा कि जीवन प्रकृति प्रदत्त अद्वितीय भेंट है यही नहीं जीवन ईश्वर का अमूल उपहार भी है और यह हमारा सौभाग्य है कि ईश्वर ने हमें धार्मिक और अध्यात्मिक राष्ट्र भारत में पैदा किया है इसलिए हमें अपनी सभी धार्मिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए समय-समय पर आयोजित भगवान श्री राम के सभी कार्यक्रमों में पूरे उत्साह के साथ शामिल होना चाहिऐ

**ये होंगे शोभायात्रा में शामिल**

शोभायात्रा में मुख्य रूप से पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, भाजपा नेता हरपाल ढांडा को भी आमंत्रित किया गया है। समारोह में प्रेम सचदेवा, रविन्द्र नागपाल, अंजलि शर्मा, वीना अरोड़ा, डॉ. जगजीत आहूजा, संजय अग्रवाल, इंदू कुकरेजा, महंत लोकेश महाराज, संत आनंद प्रकाश, हरीश कटारिया, ओमदत्त आर्य और रामेश्वर चौहान भी शामिल होंगे।

## 1 किलो 260 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) एंटी नारकोटिक्स सेल** प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त गांजा दिल्ली से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। आरोपी कुछ दिन पहले दिल्ली से 1 किलो 500 ग्राम गांजा खरीदकर लाया था। जिसमें से आरोपी ने कुछ गांजा राह चलते अज्ञात नशा तस्करों को बेच दिया। बचे गांजा को बेचने के लिए आरोपी सोमवार को गांव के अड्डे पर ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर



मंगलवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की एक टीम सोमवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चमराड़ा गांव के अड्डा पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की काकौदा निवासी मनमोहन उर्फ मोनू मादक पदार्थ लेकर अपने गांव में अड्डा पर बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम काकौदा गांव में अड्डा पर पहुंची तो सामने से एक युवक हाथ में पोलीथीन पकड़े खड़ा दिखाई दिया। युवक पुलिस टीम को देखकर गांव की तरफ तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मनमोहन उर्फ मोनू पुत्र मिंद्र निवासी काकौदा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ सौरभ जायसवाल की मौजूदगी में युवक की पोलोथीन की तलाशी ली तो गांजा मादक पदार्थ बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 1 किलो 260 ग्राम पाया गया।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ पर होंगे कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) लघु सचिवालय स्थित** केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा के कार्यालय में प्रतिदिन मिलने वालों का तांता लगा रहता है` मंगलवार को समालखा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल और चुलकाना धाम मंडल अध्यक्ष कुलदीप जांगड़ा, भाजपा नेता राजेन्द्र नारायण और रघुनाथ तंवर के नेतृत्व में समालखा से आए प्रतिनिधि मंडल ने गजेन्द्र सलूजा को सम्मानित किया` इस अवसर पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने भी इन सभी नेताओं को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया इस अवसर पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के प्रतिनिधि



गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि भारत एक धार्मिक और अध्यात्मिक राष्ट्र है भारतीय संस्कृति में यूँ तो हर महीने कोई न कोई त्यौहार आता रहता है लेकिन भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगाँठ को पूरा भारत दिवाली की तरह पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रहा है` 22 जनवरी को हरियाणा के सभी जिलों में इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे पानीपत में भी भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगाँठ पर कार्यक्रम का शुभारम्भ बरसत रोड के ब्रह्मकुमारी आश्रम से बुधवार को प्रातः 9:30 बजे होगा` सलूजा ने कहा कि भाजपा में युवा कार्यकर्ताओं को अन्य पार्टियों से अधिक सम्मान दिया जाता है कौन कार्यकर्ता कब कितने ऊंचे पद पर पहुँच जाए, यह किसी को पहले से जानकारी नहीं हो पाती संगठन निर्माण के समय भी युवाओं को विशेष महत्व दिया जाता है इसलिए आज देश के सभी युवाओं को स्वामी विवेकानन्द, संत कबीर,पंडित दीन दयाल उपाध्याय, केशव बलिराम हेडगेवार, अटल बिहारी वाजपेयी, वीर सावरकर और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेते हुए देश को वर्ष 2047 से पूर्व विकसित राष्ट्र बनाने में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लेना

## बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत की सैनी** कॉलोनी में एम डी डी आफ इंडिया की सामुदायिक कार्यकर्ता पायल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर अनिल द्वारा बाल विवाह मुक्त जिला बनाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण हरियाणा के दिशानिर्देशानुसार शक्ति अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है ताकि पानीपत जिले को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके। आज के कैंप में बाल? विवाह




के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया। पैरा लीगल वॉलंटियर अनिल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है तो 112 नम्बर व? 181नम्बर पर फोन करके सुचित करें। बाल? विवाह करवाने वाले को 1 साल की सजा व 2 लाख जुमार्ना भी लग सकता है या दोनों भी हो सकते हैं। एम डी डी ऑफ इंडिया की सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने कहा कि एम डी डी ऑफ इंडिया

**शपथ दिलाई**

**इस अपराध के खात्मे के लिए 4.90 करोड़ लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है**

पिछले कई वर्षों से बालाधिकारों को लेकर कार्यरत है और "न्याय तक पहुंच" कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए हुए है। बाल विवाह लड़कियों की खिलाफ एक सामाजिक अपराध है और उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। हमें मिलकर इस कुरीति को जड़ से खत्म करना होगा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 200 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए पूरे देश में काम कर रहे हैं। ये सभी सहयोगी संगठन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक समग्र रणनीति ह्यपिकेट पर अमल कर रहे हैं जिसमें नीति, संस्थान, सम्मिलन, ज्ञान, परिवेश, तकनीक जैसी चीजें शामिल हैं। धार्मिक नेताओं और समुदायों के साथ साझा प्रयासों से इसने इस अपराध के खात्मे के लिए 4.90 करोड़ लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है।

## करंट लगने से युवक की मौत, जोहड़ में मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले में 8 दिन से** लापता 34 वर्षीय युवक का शव जोहड़ से बरामद हुआ। उसकी मौत करंट लगने से हुई है। वहां से गुजर रहे किसान ने शव को तैरता देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उसका शव बाहर निकाला गया, जिसका आज पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। युवक की अभी शादी नहीं हुई थी। मामला कुंजपुरा गांव का है। मृतक की पहचान 34 वर्षीय कमल के नाम से हुई है। मृतक गांव के ही किसी चंद्रशेखर के पास काम करता था और 14 जनवरी को उसके साथ ही जोहड़ पर गया था, लेकिन वापिस नहीं लौटा। पुलिस व परिजनों की माने तो युवक को करंट लगा और वह जोहड़ में गिरा। इसके बाद सोमवार देर शाम को उसकी डेड बॉडी पानी में ऊपर आई। वहां से गुजर रहे किसान ने डेड बॉडी को देखा और तुरंत डायल-112 को कॉल किया। ग्रामीणों ने कमल के रूप में शिनाख्त की और परिजनों को सूचित किया। परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान की। कुंजपुरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के मॉच्युरी हाउस में रखवा दिया है। गांव कुंजपुरा निवासी नाथूराम ने कुंजपुरा पुलिस थाने में अपने भाई कमल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। कमल चंद्रशेखर के पास करीब सात साल से काम करता था। चंद्रशेखर पर ही शिकायतकर्ता ने गंभीर आरोप लगाए थे और कमल के बारे में पूछने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया था। मृतक के भाई ने 19 जनवरी को पुलिस को शिकायत दी थी। इसके बाद पुलिस ने चंद्रशेखर से भी पूछताछ की थी, लेकिन उसने भी यही बताया था कि जब वह लापता हुआ था, तो उसने आसपास के एरिया में खुद भी तलाश की थी।

# अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को मनाएंगे बड़े स्तर पर: नेहा

29 जनवरी से 4 फरवरी तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तमाम कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी ली

**तैयारी पर बल**

**29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पिहोवा 21 जनवरी** - उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2025 को गीता जयंती की तर्ज पर भव्य और बड़ स्तर पर मनाया जाएगा। इसलिए सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार पिहोवा सरस्वती तीर्थ स्थल पर 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में हरियाणा की संस्कृति और शिल्प कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थीं। इससे पहले हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने उपायुक्त नेहा सिंह के साथ-साथ सभी अधिकारियों को 29 जनवरी से 4 फरवरी तक मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तमाम कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी ली और प्रशासनिक अधिकारियों से समय रहते तमाम व्यवस्थाओं के दुरुस्त प्रबंध करने और तीर्थ स्थल को पूर्णतय स्वच्छ बनाने के कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके उपरांत बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, उपायुक्त नेहा सिंह, एसडीएम अमन कुमार, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि सहित अन्य अधिकारियों और बोर्ड के सदस्यों ने सरस्वती तीर्थ की सफाई व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई, पीने के पानी की टंकियों, बिजली की व्यवस्था का बारीकि से निरीक्षण किया।उपायुक्त नेहा सिंह ने तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरांत अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। अगर किसी अधिकारी ने कोई लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को खुली तारों, बिजली की सप्लाई, जन स्वास्थ्य विभाग को पीने के पानी की व्यवस्था, नगरपालिका के अधिकारियों को साफ-सफाई की व्यवस्था करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधों को लेकर जितनी भी खामियां हैं, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाए। इस पावन धरा पर 29 जनवरी से लेकर 4 फरवरी तक मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के प्रबंधों को गीता जयंती की तर्ज पर पूरा किया जाना चाहिए। इस महोत्सव के साथ शहर की तमाम समाजसेवी धार्मिक संस्थाओं और आमजन को साथ जोड़ने की जरुरत है। इस मौके पर नपा प्रधान आशीष चक्रपाणि, एक्सिएन नवतेज सिंह, सदस्य युधिष्ठिर बहल, रामधारी शर्मा, राकेश पुरोहित, गुरनाम मलिक, जगदीश तनेजा, एसडी मुरार, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला सहित अन्य मंडल अध्यक्ष, अधिकारीगण मौजूद थे।

## गाँव बोह में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**ध्वस्त**

**कालोनियों में बनी कच्ची सडकों के जाल तथा नीव को पूर्णतया ध्वस्त कर दिया गया**

**अम्बाला:** जिला नगर योजनाकार अम्बाला के दस्ते द्वारा गाँव बोह, तहसील अम्बाला छावनी में लगभग 1.5 एकड़ (खसरा न० 68//8/2, 9) में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में बनी कच्ची सडकों के जाल तथा नीव को पूर्णतया ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान (डयूटी मैजिस्ट्रेट), रविन्द्र पंवार (कनिष्ठ अभियन्ता), रविन्द्र (फील्ड इन्वेस्टिगेटर) व भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि भूमालिक/प्रोप्रटी डीलर में कालोनी के रेगुलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच रहे हैं। अतः सभी को सूचित किया जाता है कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में ना आएं तथा इन अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने के प्रति चेताया तथा बताया कि ऐसी अवैध कालोनियों/अवैध निर्माणों के खिलाफ आगे भी विभागीय कार्यवाही जारी रहेगी।

**न्यूज फ्लैश**

### घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र में घर के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गाजियाबाद हाल में गली नंबर पांच निवासी कृष्णा ने बताया कि उसने अपने दो-पहिया वाहन को घर के बाहर गली में खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एसआई नवीन कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### दो-पहिया वाहन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदातल में पेश

**सोनीपत:** शहर थाना पुलिस ने घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुमित उर्फ सीटू निवासी ककरोई का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वेस्ट राम नगर निवासी जितेंद्र ने गत 18 जनवरी को शिकायत देकर बताया था कि उसने अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी सिपाही दिनेश की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से चोरी की बाइक को बरामद किया है। उसके बाद उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### व्यापार में मुनाफे का लालच देकर लाखों हड़पने का पांच हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस टीम ने व्यापार में मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपयों की राशि हड़पने की वारदात में शामिल आरोपित व पुलिस का पांच हजार रुपये के ईनामी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्ण निवासी सेंट्रल दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। न्यू नंदवानी नगर निवासी एक महिला, रोबिन व गौरव ने 17 नवंबर 2020 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह होलसेल का काम करते है। वहीं ज्वैलर्स की अलग-अलग कंपनी चलाते है। उनकी शहर के कच्चे क्वार्टर में दुकान भी है। गत फरवरी 2020 के अंतिम सप्ताह में सोने के आभूषणों का काम करने बारे सलाह दी व दोषीगणों के साथ मिलकर एक षड्यंत्र के तहत हमें उक्त सोने के आभूषण का व्यापार करने के लिए दबाव बनाने लगे। जिस पर एक ही शहर के होने के नाते आरोपित विजय की बातों में आ गए। उसके बाद आरोपित विजय ने दयानंद व अन्य के साथ मिलकर लाखों करोड़ों रुपयों की राशि को ठग लिया। राशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित कृष्ण चार साल से फरार चल रहा था। गत 27 अगस्त 2024 को पुलिस आयुक्त की तरफ से आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था।

## यातायात पुलिस ने स्कूल वाहनों की जांच, लापरवाही मिलने वाले 41 वाहन चालकों के काटे चालान

**सख्ती**

**यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के पुलिस कर्मचारियों की तरफ से चालान किए गए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** यातायात विभाग की तरफ से सोमवार को स्पेशल जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के पुलिस कर्मचारियों की तरफ से चालान किए गए। वहीं सहायक पुलिस आयुक्त यातायात राहुल देव ने बताया कि यातायात नियमों की उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहन हादसों का शिकार हो जाते है। छात्रों तथा दूसरों की भी जान जोखिम में डाल सकते हैं। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों की पालना दृढ़ता से की जानी चाहिए। विभाग की तरफ से जिले के अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को अभियान चलाया गया। अभियान के तहत टीमों ने स्कूल वाहन पॉलिस के तहत 41 वाहनों के चालान काटे।

## संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में चलेगा स्वच्छता अभियान : धुमन सिंह

**फोकस**

**पिहोवा में विशेष फोकस रखकर महोत्सव को पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से पिहोवा की पावन धरा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह महोत्सव सात दिवसीय होगा। इस महोत्सव के दौरान रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सायं के समय तीर्थ स्थल पर आरती का आयोजन भी किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस वर्ष बार ऐसोसिएशन, राईस मिल ऐसोसिएशन, श्रीकृष्ण कृपा गऊशाला के साथ-साथ अन्य संस्थाओं के सांझे प्रयासों से पिहोवा शहर को रंग-बिरंगी लाईटों के साथ सजाया जाएगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को भव्य और यादगार बनाने के उद्देश्य को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। इससे पहले एसडीएम अमन कुमार ने नगरपालिका के अधिकारियों को अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था करने, केडीबी के अधूरे विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने, जन स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को तीर्थ स्थल को जल्द से जल्द सुंदर बनाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नगरपालिका को 35 सफाई कर्मी प्राची से तीर्थ स्थल तक नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा के विश्व प्रसिद्ध सरस्वती तीर्थ स्थल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव सात दिन का मनाया जा रहा है और आदिबद्री से लेकर पिहोवा तक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहेगा। पिहोवा में विशेष फोकस रखकर महोत्सव को पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है।

## डीसी कार्यालय में आमजन की सुनी समस्याएं




**सुनिश्चित**

**शिविर में आए लोगों की समस्याएं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करवाना सुनिश्चित करें**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याएं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करवाना सुनिश्चित करें और इसके साथ जो भी लम्बित शिकायते है उनका भी समाधान समयबद्ध तरीके से करवाएं। नगराधीश पूजा कुमारी मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान शिविर में मौजूद विभिन्न विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रही थी। इससे पहले उन्होंने जिलास्तरीय समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का निवारण किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगो की समस्याओं का त्वरित निदान करने हेतु अंबाला में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन समाधान शिविरों में विभिन्न विभाग के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करते है। इस दौरान समाधान शिविर में अंबाला शहर से अमर कौर पीला राशन कार्ड बनवाने बारे संतोष वर्मा वृद्धावस्था पेंशन बनवाने का लेकर प्रदीप कुमार इनकम वेरिफिकेशन के लिए पहुंचे थे।

## रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा छात्रों को जूते वितरित किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र 16 मई 2018 से कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण के साथ साथ समय समय पर वस्त्र वितरण आदि अनेक कार्य कर रही है। रोटी बैंक के संस्थापक श्रीकांत जाधव भापुसे के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में यह संस्था कार्यरत है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र न केवल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण आदि कार्य करती है अपितु अन्य शहरों में जाकर भी समय समय पर रोटी और कपडे के साथ साथ शिक्षण के क्षेत्र में सहायता प्रदान कर रही है। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 15 फरीदाबाद में विद्यार्थियों को जूते आदि वितरित किए। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में यह कार्य हुआ जिसमें रोटी बैंक से जुड़े अधिवक्ता एवं समाजसेवी हितेषी अरोड़ा और उनकी माता जी ने अपने कर कमलों से यह शुभ कार्य किया। विद्यालय की प्राचार्य पूनम तनेजा ने रोटी बैंक के कार्यों की सराहना की। विद्यालय के 131 छात्र छात्राओं को जूते वितरित किए गए।

## घर से ताले तोड़कर चांदी व नकदी चोरी

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जीवन नगर स्थित मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की राशि व दस तोले चांदी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। तारा नगर निवासी गौरव ने बताया कि वह जीवन नगर में किराए के मकान में रहता है। वह निजी संस्थान में नौकरी करता है। गत 17 जनवरी को मकान बंद करके अपने बच्चों सहित तारा नगर वाले मकान में चला गया। उसके बाद रविवार शाम को वापस आया तो मकान पर लगे ताले टूटे हुए पाए गए।

## प्रगति कार्यो को समय रहते पूरा करें अधिकारी: एसडीएम



**निरीक्षण करें**

**एसडीएम ने बिन्दूवार अम्बाला सदर क्षेत्र के तहत चल रहे कार्यो की प्रगति बारे जानकारी हासिल की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगर परिषद् के प्रशासक एवं एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने अम्बाला सदर क्षेत्र में चल रहें विकास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्य समय रहते पूरी गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित होने चाहिए। नगर परिषद् प्रशासक नगर परिषद् शाखा के तकनीकी शाखा व इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ एक बैठक ले रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासक एवं एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने बिन्दूवार अम्बाला सदर क्षेत्र के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति बारे जानकारी हासिल की, वहीं जो नए कार्य पाईपलाईन में है उन्हें भी जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए ताकि इन कार्यों को भी समयअवधि के तहत पूरा करवाते हुए आमजन को इसका लाभ दिलवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज के द्वारा अम्बाला सदर क्षेत्र में करोड़ों रूपए की राशि से अनेकों विकास के कार्य करवाएं गए हैं और कई विकास के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अम्बाला सदर क्षेत्र के तहत कई जगहों पर फैन्सी लाईटें भी लगाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि सम्बन्धित अधिकारी समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण भी करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों को जो भी ठेकेदार गुणवत्तापूर्ण तरीके से एवं निर्धारित समय अवधि में पूरा न करें तो उसे ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई अमल में लाए।

## सीवर के दूषित पानी का नहीं हो पा रहा कोई समाधान

**समस्या**

**कर्ण सिंह मार्केट के दुकानदारों को मजबूरन दुकानों को खाली करके दूसरी जगह पर शिफ्ट होने पर मजबूर होना पड़ रहा है।**

**सोनीपत:** शहर के सारंग रोड व गोहाना रोड को जोड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। अंडर ब्रिज के साथ लगती कर्ण सिंह मार्केट के दुकानदारों को मजबूरन दुकानों को खाली करके दूसरी जगह पर शिफ्ट होने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिला प्रशासन इस संबंध में कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों सहित विधायक व सांसद तक मौके का मुआयना कर समस्या को दूर करने का आश्वासन दे चुके है, लेकिन सालों से समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। बता दें के शहर में सारंग रोड से होते हुए गोहाना रोड पर जाने के लिए दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर अंडर ब्रिज बना रखा है। जिसमें से हर रोज हजारों की संख्या में दो-पहिया वाहन चालकों सहित स्कूल के बच्चों की गाड़ियों व पैदल चालक रास्ते से होकर गुजरते है। गोहाना रोड पर बनी मार्केट में दुकानदारों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दिन भर इंतजार करने के बाद एक या दो ग्राहक ही दुकान पर आते है। हालांकि जिस दिन अंडरब्रिज के नीचे पानी जमा हो जाता है। उस दिन खाली बैठकर अपना समय बिताना पड़ता है। आस पास के रिहायशी क्षेत्र व दुकानों में बीमारियां तक फैलने का खतरा बना रहता है। गत करीब 20 दिनों में अंडर ब्रिज के नीचे 15 दिन तक दूषित पानी भर चुका है, लोगों के लिए दूषित पानी आफत बना हुआ है। सीवर की लाइन बार-बार फटने के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में अधिकारी सीवर लाइन को पूरानी बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे है।

**तीन दिन से नहीं ले रहा कोई सुध, पांच फीट तक भर चुका पानी-** मार्केट के दुकानदार दीपक ने बताया कि दो दिन से शहर में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। बारिश न भी हो तो कई बार फिर भी अंडर ब्रिज के नीचे सीवर का दूषित पानी भर जाता है। दुकानों पर सुबह से लेकर शाम तक ठंड में बैठने के बाद कोई ग्राहक नहीं आ रहा है। जिसके कारण बिना काम के वापस घर लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दो दिन से अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा हुआ है।

**गली में डाल कर्मचारी कूड़ा, समय पर नहीं हो पा रहा उठान-** रेलवे लाइन अंडर ब्रिज के दोनों तरफ कूड़े का डंप सफाई कर्मचारियों द्वारा बना रखा है। शहर में कूड़ा उठाने वाली कंपनी के कारिंदे दूषित पानी भरने के कारण कूड़े का उठान नहीं कर पाते है। वहीं दुकानदारों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी घर-घर से कूड़ा उठाकर दुकानों के बाहर गली में डालकर चले जाते है। किसी से कुछ बोलने पर लड़ने लगते है। कूड़े से दिन भर बदबू आती रहती है। एक तरफ अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी तो दूसरी तरफ कूड़े की बदबू ने परेशान कर रखा है। करीब तीस साल पुरानी सीवर लाइन है, जगह-जगह से गल चुकी है। गत दिनों में तीन बार लाइन अलग-अलग जगहों से फट चुकी है। जिसके चलते दूषित पानी अंडर ब्रिज के नीचे जमा हो जाता है। समय रहते लाइन को ठीक करने व जल्द से जल्द पानी निकासी के प्रबंधन करने का कार्य किया जाता है। प्रविंद्र जैं, नगर निगम सोनीपत।

## एसडीएम की अगुवाई में सयुक्त टीम ने विद्धार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को आरटीए विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एसडीएम थानेसर कपिल शर्मा की अगुवाई में सैक्टर-7 स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्धार्थियों को यातायात नियमों बारे जानकारी दी। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार जिला में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत मंगलवार को एसडीएम थानेसर कपिल शर्मा की अगुवाई में आरटीए विभाग व यातायात पुलिस की टीम ने सैक्टर-7 स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्धार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। आरटीए विभाग के सुनील कुमार व यातायात कोर्डिनेटर वीरेंद्र विक्रम ने चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया।

# मदन मोहन छाबड़ा को एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के प्रांत सह संयोजक का जिम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: भाजपा ने** एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर आमजन को जोड़ने की मुहिम शुरू कर दी है। लोकसभा में विधेयक पारित होने के बाद अब भाजपा ने एक चुनाव-एक राष्ट्र समिति का गठन किया है, जोकि कार्यकताओं से इस पर रायशुमारी करेगी। मंगलवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने एक राष्ट-एक चुनाव समिति का विजयपाल एडवोकेट को संयोजक और कुरुक्षेत्र निवासी मदन मोहन छाबड़ा को सह संयोजक नियुक्त किया है। सह संयोजक मदन



मोहन छाबड़ा ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश महामंत्री एवं कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया व अर्चना गुप्ता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति के सह संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ विश्व गुरु भी बने। जिस तरह कश्मीर से धारा-370 को हटाना और राम मंदिर बनाना पीएम का बड़ा विजन था, उसी तरह एक राष्ट्र-एक चुनाव भी विजन है। भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी है। संगठन की ओर से उन्हें प्रांत सह संयोजक की जिम्मेवारी सौंपी गई है, वे इसके लिए शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं। एक राष्ट्र-एक चुनाव समिति हर जिले में जाकर कार्यकताओं को जोड़ेगी और उन्हें अवगत कराएगी की विकसित भारत के विजन में एक राष्ट्र-एक चुनाव जरूरी है। मदन मोहन छाबड़ा का कहना है कि देश हर समय चुनावी मोड में रहता है। लोकसभा के चुनाव पूरे देश में एक साथ होते हैं, लेकिन राज्यों में अलग-अलग समय पर होने वाले विधानसभा चुनावों के चलते विकास के पहिये की रफ्तार धीमी होती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के पहिये को रफ्तार देने के लिए एक राष्ट्र-एक चुनाव की मुहिम शुरू की है, इसको लेकर जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा।

# यौन उत्पीड़न अधिनियम महिलाओं को प्रदान करता है सुरक्षाः प्रो. प्रीति जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कार्य स्थल** पर महिलाओं को जबरन परेशान करना, गंदे इशारे करना आदि जैसे कृत्य यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आते हैं। इसे रोकने के लिए भारत में वर्ष 2013 में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध व निवारण) अधिनियम पारित किया गया है जो महिलाओं को यौन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। यह विचार मंगलवार को विधि विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रीति जैन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान व आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में केयू डॉ. आरके सदन में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न




विषय पर आयोजित विस्तार व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षा संकाय अधिष्ठाता व शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. उषा रानी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि यौन उत्पीड़न को लेकर सख्त अधिनियम बनाए गए हैं। कार्यक्रम की संयोजिका आईसीसी की अध्यक्ष डॉ. सुनीता सिरोहा ने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न लैंगिक समानता, जीवन और स्वतंत्रता को लेकर महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन है। इससे पहले आईटीटीआर की प्राचार्या प्रो. अनिता दुआ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में अधिनियम संबंधी जागरूकता आती है जो कि अच्छे समाज का निर्माण करने में सहायक होती है।


## न्यूज फ्लैश

### मोना अग्रवाल को मिला, जिले का पहला अर्जुन अवार्ड



**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद गुर्जर नांगल चौधरी। जहां देश** व प्रदेश में हरियाणा के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा वहीं प्रदेश के दक्षिणी छोर पर बसे महेंद्रगढ़ जिले की पुत्रवधू मोना अग्रवाल ने पैरा ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर व महामहिम राष्ट्रपति से अर्जुन अवार्ड अर्जित कर जिले की पहली अर्जुन बनने का गौरव हासिल किया।

### लुजोता में बालाजी मंदिर में चोरी



**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद कसाणा नांगल चौधरी। नांगल** चौधरी के निकटवर्ती गांव लुजोता में एक वर्ष में बालाजी मंदिर में तीसरी बार चोरी की वारदात हुई। बालाजी मंदिर नांगल चौधरी-निजामपुर रोड पर लुजोता गांव के बस स्टैंड पर स्थित है।जिसमें अज्ञात चोरों द्वारा दानपात्र तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया।

### नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 एवं 0184-2266138 से मिल रही है नि:शुल्क कानूनी सेवाएं : इरम हसन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मुख्य** न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने कहा कि समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने और कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा निरूशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। नालसा द्वारा कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति, जो कानूनी सहायता प्राप्त करना चाहता है, कॉल करके निशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है। साथ ही नालसा पोर्टल पर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने कहा कि कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं 0184-2266138 का विभिन्न विभागों द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस प्रचार प्रसार से टोल फ्री नंबरों की जानकारी लोगों को मिल रही है।

### अब डाकघर से भी मिल रही विश्वभर में सामान निर्यात करने की सुविधा : पंकज मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रवर अधीक्षक** पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाकघर के माध्यम से कोई भी कारोबारी विश्वभर में सामान निर्यात कर सकता है। डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही डाक निर्यात केंद्र (डीएनके) सेवा द्वारा यह बहुत ही अच्छे तरीके से यह कार्य किया जा रहा है। यह सेवा छोटे और मझोले कारोबारियों को निर्यात करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि करनाल डाकघर में इस सेवा का लाभ कोई भी व्यक्ति उठा सकता है। प्रवर अधीक्षक पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डीएनके सेवा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा सकता है। डाकघर निर्यात केंद्र का मकसद विदेशों में सामान भेजने वाले निर्यातकों को कस्टम से जुड़ी समस्याओं व अन्य परेशानियों से बचाना है। इस सुविधा से निर्यातकों के समय और पैसे दोनों की बचत होती है। पंकज कुमार मीणा ने बताया कि डाक निर्यात केंद्र सेवा से निर्यातकों को निर्यात लेनदेन और भुगतान पर बेहतर नियंत्रण मिलता है। निर्यातकों को पैकेजिंग, फ्री पिकअप, ट्रैकिंग और वॉल्यूम-आधारित छूट जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

# नशे के खिलाफ अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः जिला पुलिस** द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने कहा कि नशा जैसी समाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान मे अति आवश्यक है। उन्होंने कहा लगभग प्रत्येक अपराधिक वारदात के साथ नशे का कंनेक्सन जुड़ा होता हैए इसलिए नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज के लिए इस बुराई का पूरी तरह नष्ट होना जरुरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ



अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत नशा तस्करों पर पूरी तरह शिंकजा कसा जा रहा है। नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए सेमिनार व गोष्ठियां आयोजित कर इस बुराई के बारे में जागरुक किया जा रहा है।
पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया जा रहा है नशे के खिलाफ कार्रवाई में जिला पुलिस द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा टोल फ्री नंबर 9729990117 जारी किया गया है जिस पर नशा बेचने वालों की सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा एंटी नारकोटिक सैल या नजदीक थाना में नशा बेचने वालों की सूचना दी जा सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा देश की धरोहर है इसलिए वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षाए खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने मां.बाप व देश.प्रदेश का नाम रोशन करें। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की अगर कोई व्यक्ति नशे से ग्रसित है तो उसे नशा छोड़ने के लिए भी प्रेरित करे।

# काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में** हिंदी विभाग के तत्वावधान में डॉ. पूजा मलिक के निर्देशन में बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` इस प्रतियोगिता के विषय नारी सशक्तिकरण, राष्ट्र भावना व सामाजिक चेतना रहे शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने किया।
` प्राचार्या महोदया डॉ. शशि प्रभा मलिक ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, इन्हें सामने लाने के लिए मंच की आवश्यकता है ` इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कॉलेज विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का निर्माण करना है` कविता प्रतियोगिता के जरिए को अभिव्यक्ति को आकार देने और अर्थ बनाने में मदद मिलती है व उनमें आत्मविश्वास वृद्धि होने के साथ ही भाषा और साक्षरता कौशल विकसित करने में मदद मिलती है।

इस प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम, रेशमा व मनिता ने द्वितीय तथा खुशबू व कोमल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा में युवा संसद का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :जिला** शिक्षण संस्थान पलवल के प्रवक्ता डा. राजेंद्र कुमार व प्राध्यापक राजेश कुमार के निर्देशन व निर्णायक मंडल द्वारा भिवानी खेड़ा विद्यालय में युवा संसद का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपप्रधानाचार्य जसबीर कौर ने की। युवा संसद में संसदीय कार्यवाही (लोकसभा) का नाट्य रूपातंरण किया गया जिसमें नवनियुक्त सांसदों की शपथ ग्रहण से लेकर प्रस्ताव, प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानकर्षण प्रस्ताव, काम रोको प्रस्ताव व कानून बनाने की प्रक्रिया का 50 विद्यार्थियों



द्वारा उत्कृष्ट तरीके से नाट्य रूपान्तरण किया गया। इसमें छात्रों द्वारा विभिन्न पदों यथा प्रधानमंत्री, स्पीकर, गृहमंत्री, विपक्षी सदस्यों की भूमिका को दशार्या गया। इस कार्यक्रम को अनिल कुमार, प्राध्यापक राजनैतिक विज्ञान, कंवरजीत प्राध्यापक इतिहास व जसबीर कौर व तरसेम के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।

# समस्याओं को लेकर हर सप्ताह होगी समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीएम विंडों से** जुड़ी समस्याओं के निस्तारण को लेकर मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवायल में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उपायुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि अधिकारी ईमानदारी से कार्य करके कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का निस्तारण करें। अब सीएम विंडो से जुड़ी समस्याओं को लेकर हर सप्ताह समीक्षा बैठक होगी। जिसमें सीएम विंडों पर आने वाली समस्याओं के निदान की प्रगति को जाना जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जो अधिकारी



समीक्षा बैठक में गैर हाजिर रहते हैं उनको कारण बताओ नोटिस जारी होंगे। उपायुक्त ने सीएम विंडो से जुड़ी जिन विभागों की पैंडेन्सी बचती है उन विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इसके प्रति गंभीर हों व निस्तारण में ओर तेजी लाएं क्योंकि स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सीएम विंडों पर आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है। उपायुक्त ने निस्तारण न होने के ठोस कारण भी जाने व एक एक करके संबंधित विभागों के एचओडी से जानकारी ली। ज्यादातर समस्याएं जिनका अभी तक समाधान नहीं हुआ तहसील व खंड एवं विकास पंचायत से जुड़ी हुई मिली।उपायुक्त ने बताया मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों से सीएम विंडो में पहुंची समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक कर चुके है। मुख्यमंत्री का पूरा ध्यान सीएम विंडों, में पहुंच रही समस्याओं के निदान पर है। उपायुक्त ने विशेष तौर पर खंड विकास पंचायतों अधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देश दिए कि उनके विभाग से जुड़ी समस्याएं ज्यादा है जल्द से जल्द उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। सीएम विंडो को लेकर समीक्षा बैठक में जिला परिषद के सीईओ नरेंद्र पाल मलिक ने संबंधित विभागों के समक्ष उनके विभाग से जुड़ी समस्याओं को बताया।

# स्वच्छता अभियान में सहयोग देने वाले होंगे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्ग दर्शन में पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उददेश्य साफ सफाई पर बल देना व प्रदेश में एक बेहतरीन वातावरण पैदा करना है। यह अभियान प्रथम जनवरी से प्रारंभ हुआ था जो 31 जनवरी को समाप्त होगा। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने इस संबंध में मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि हमें अपने कार्यालयों का भी रख रखाव उसी प्रकार से रखना चाहिए जिस प्रकार से हम स्वयं का रख रखाव रखते है। साफ सफाई को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना कर इस पर अमल करना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि




मुख्य सचिव की 72 पेज की सफाई से जुड़ी गाइड लाइन पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिकारी उनकी सहायता से इस अभियान को बल दे सकते है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालयों की साफ सफाई रखें व इसके संबंध में वे कार्यालय के साफ सफाई से जुडें फोटो मुख्य सचिव के पोर्टल पर अपलोड करें। उपायुक्त ने बताया कि जिन विभागों में ईवेस्ट है उसकी ओकशन करें व उसकी राशि का विवरण मुख्य सचिव के पोर्टल पर अपलोड करें। जिन विभागों में रत्ती की भरमार है उसे ओकसन करके सीएस के पोर्टल पर अपलोड करें। उपायुक्त ने इस अभियान को सफल बनाने में जो अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे उनमे से 5 को गणतंत्र दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जो अधिकारी इसमें कोताही बरतेंगे उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। वे स्वयं कार्यालयो में जाकर सफाई का निरीक्षण करेंगे।

इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, सीईओ नरेंद्र पाल मलिक, एसडीएम इसराना अश्विनी, एसडीएम समालखा अमित कुमार, नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ जंयत आहुजा, जिला रोजगार अधिकारी रीतू चहल, एलडीएम राजकुमार, डीडीपीओ मनीष मलिक, खादय एवं आपूर्ति नियंत्रक नीतू, तहसीलदार विरेन्द्र गिल, सौरभ शर्मा, ललिता, एसडीओ पशु चिकित्सक विभाग श्री भगवान, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नितीन, शक्ति सिंह, राजेश, पशु चिकित्सक अशोक लोहान के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**नेहरु युवा केंद्र** की ओर से ब्लॉक स्तरीय खेल खुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
जिसमे आसपास के गांव के दर्जनों खिलाडी ने भाग लिया ' कार्यक्रम का शुभारंभ सोनू सरपंच मानपुरा, फौजी राजरूप मान ने किया और एमडी स्कूल कमेटी एवं नेहरु यूवा क्लब की ओर से मुख्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया ' मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया की बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए एवं नसे संबंधित बुराइयों से दूर रखने के लिए सभी को अपने बच्चों को खेलों की और प्रेरित करना चाहिए नेहरू युवा केंद्र की जिला अधिकारी रेणु रानी ने बताया सरकार द्वारा भी खेलो को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर खेल करवा कर खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है ' खेल प्रतियोगिता में खो खो में प्रथम स्थान सी ग्रुप ने प्राप्त किया और वॉलीबॉल में बी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ' कोच सुरेंद्र ने बताया कि लंबी कूद में रितिका ने प्रथम स्थान एवं रितु ने दूसरा स्थान हासिल किया और 400 मीटर रेस में रितु मान ने पहला एवं रितिका मान दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं का करें समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हर वर्ग को समृद्ध व खुशहाल बनाने को लेकर जो कल्पना की है उसे प्रदेश भर में आम जन व अधिकारियों के सहयोग से मजबूती के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। जनता समाधान शिविर भी उसी कड़ी का हिस्सा है। इन समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का समाधान अधिकारी अपनी विल पावर का इस्तेमाल करके करते है। जनता समाधान शिविर में आमतौर पर यह देखने में आया है कि जो लोग समस्याओं को लेकर हार मान चुके थे अब उनमें हौंसले की किरण दिखाई पड़ती है। मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित



समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि अधिकारियों को समस्याओं के समाधान में सूझ-बूझ का परिचय देना चाहिए व जो भी समस्याएं शिकायतकताओं द्वारा प्रस्तुत की जाती है उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ जल्द से जल्द निदान करना चाहिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि समाधान शिविरों की ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। स्वयं मुख्यमंत्री समाधान शिविरों की गतिविधि को ऑनलाइन देखते है। कई बार मुख्यमंत्री कार्यालय से भी उच्च अधिकारी शिविरों में समस्या लेकर आने वाले शिकायतकताओं से शिकायत की स्थिति को जानते है व अधिकारियों द्वारा किये जा रहे समाधान पर भी जानकारी लेते है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि समाधान शिविर में ज्यादातर वहीं समस्याएं आ रही है जो फैमली आईडी में इनकम कम करवाने से संबंध रखती है। कुछ लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए व रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करवाने के लिए भी पहुंचते है। अधिकारी जिनका समाधान समस्या की स्थिति को देखकर करने का प्रयास करते है। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने समाधान शिविर में उनके विभाग से जुड़ी अनेक समस्याओं को गंभीरता से सुना व कई मामलों में विभाग के अधिकारियों को मोबाइल के जरिये जल्दी से जल्दी समाधान करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब सभी समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा ही होना है तो इसमें देरी की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर पहुंच रहे शिकायतकताओं के समस्याओं पर और तीव्रता से कार्य करें।

समाधान शिविर में पहुंचे गोयल कलां के सरपंच अनिल कुमार ने प्रशासन से गांव में पीने के पानी का टयूबल लगवाने, गांव में परिवहन विभाग की बस शुरू करवाने व गांव में खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण करवाने, गांव मिजार्पुर में रिंग बांध की जमना वाली साईट को पक्का करने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई।

# मौसम का बदल सकता है मिजाज, कृषि वैज्ञानिकों ने किया सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कृषि वैज्ञानिक** डा. सी.बी. सिंह ने मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि अभी हरियाणा के कई क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। राज्य के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले दो दिनों में मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि मौसम का मिजाज बदल सकता है। साथ ही एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके चलते 22 और 23



जनवरी को राज्य में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। उसके बाद में मौसम खुशक संभावित है। इस दौरान तापमान में और गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड का प्रकोप बढने की संभावना है। डा. सी.बी. सिंह ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि 22 से 24 जनवरी के बीच हल्की बारिश और बूंदाबांदी के साथ एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल शीतलहर का दौर जारी रहेगा और जनवरी के अंत तक सर्दी का यह असर बना रहेगा। किसानों के लिए यह बरसात और ओलावृष्टि चिंता का विषय हो सकती है।

# भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र एक अग्रणी वैश्विक शक्ति है: प्रह्लाद जोशी

**जयपुर/नई दिल्ली। केंद्रीय** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र एक अग्रणी वैश्विक शक्ति है। यह 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य को हासिल करने और उससे आगे निकलने के लिए सही स्थिति में है। जोशी ने आज जयपुर में नवीकरणीय ऊर्जा पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को हमारे ऊर्जा मिश्रण में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, जो 2032 तक दोगुनी होने जा रही है। जोशी ने सीओपी26 से पंचामृत पहल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का हवाला देते हुए




भारत के एक स्थायी ऊर्जा अर्थव्यवस्था में परिवर्तन में नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की विश्व-अग्रणी हरित हाइड्रोजन बोली और हाल ही में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 32 लाख करोड़ रुपये का निवेश एक स्थायी और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य के लिए देश की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने राज्य सरकार के अनुरोध पर जनवरी 2025 में पीएम कुसुम योजना के तहत राजस्थान को अतिरिक्त 5 हजार मेगावाट आवंटित किया है। उन्होंने जैसलमेर में हाल ही में चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं के उद्घाटन पर भी प्रकाश डाला, जिनकी कुल क्षमता 1,200 मेगावाट है। भारत की अक्षय ऊर्जा क्रांति में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करते हुए जोशी ने कहा कि मोदी सरकार सभी राज्यों की सामूहिक प्रगति के लिए राज्य सरकारों के साथ सहयोग करने पर जोर देती है। गांधीनगर, भुवनेश्वर, कोलकाता और मुंबई सहित विभिन्न क्षेत्रों में राज्य स्तरीय समीक्षा की गई है। उन्होंने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियों और अपेक्षाओं को संबोधित करने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की चल रही भागीदारी पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की प्रगति को और मजबूत करने के लिए विशाखापत्तनम, वाराणसी और गुवाहाटी में भविष्य की बैठकों की योजना बनाई गई है।

# सिख विरोधी दंगों के एक मामले में सज्जन कुमार के खिलाफ सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में आरोपित और पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने अब 31 जनवरी को सुनवाई करने का आदेश दिया है। मंगलवार को सीबीआई की ओर से कहा गया कि पिछली सुनवाई के समय उनके वकील छुट्टी पर थे और आरोपित की ओर से कुछ सवाल उठाए गए, जिनका जवाब देना जरूरी है। उसके बाद कोर्ट ने 31 जनवरी को सीबीआई को अपनी दलीलें रखने का निर्देश दिया। पहले कोर्ट ने 8 नवंबर को




फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, मामला 1 नवंबर 1984 का है जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को दंगाइयों की भीड़ ने उनके घर पर हमला कर लोहे के सरियों और लाठियों से पीटने के बाद जिंदा जला दिया था। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे। शिकायतकर्ता के तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाले जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 साल का सूखा दूर करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए 'मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा' दिया है। इस नारे के माध्यम से भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ को मजबूत करने का संदेश दे रही है। बुधवार को करीब एक बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और उनको अपने-अपने बूथ पर मजबूती से लड़ने का संदेश देंगे। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल से दिल्ली वालों के लिए संदेश




जारी करते हुए मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद में भाग लेने का आह्वान किया। इसके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे प्रश्न पूछने, सुझाव और अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया। नमो एप के माध्यम से बूथ के कार्यकर्ताओं को जुड़ने का आह्वान किया गया है। भाजपा के करीब सवा लाख सक्रिय कार्यकर्ताओं को अपने-अपने इलाके और खासतौर पर अपने-अपने बूथ के वोटरों के बीच पहुंच कर संकल्प पत्र की घोषणाओं और जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में मतदाताओं को पूरी जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि 5 फरवरी को दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। इसके लिए भाजपा ने संकल्प पत्र के दो भाग जारी कर दिए हैं।

भाजपा के करीब ढाई लाख सक्रिय कार्यकर्ताओं को इस संकल्प पत्र में घोषित वायदों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है। मंगलवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने संकल्प पत्र का दूसरा भाग जारी किया जिसमें युवाओं और ऑटो वालों को फोकस करते हुए उनके लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महिलाओं को फोकस करते हुए उन्हें 25 सौ रुपये प्रतिमाह देने का वायदा किया।

# रेड्डी ने सूर्य मंदिर में डीएमएफ प्रदर्शनी का दौरा किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय खान** मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को कोणार्क के प्रतिष्ठित सूर्य मंदिर में आयोजित जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) प्रदर्शनी का दौरा किया। रेड्डी ने अपने दौरे में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के साथ बातचीत की। खान मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि केंद्रीय खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने डीएमएफ प्रदर्शनी में प्रदर्शित कई नवीन उत्पादों और समाधानों की जानकारी प्राप्त की, जिसमें खनन प्रभावित समुदायों पर जिला खनिज फाउंडेशन फंड के परिवर्तनकारी प्रभाव को प्रदर्शित किया गया। खान मंत्रालय द्वारा




ओडिशा सरकार के सहयोग से आयोजित प्रदर्शनी 18 से 21 जनवरी, 2025 तक चलेगी। मंत्रालय के मुताबिक प्रदर्शनी का विषय "सतत विकास द्वारा समुदायों को सशक्तिक रण" को 18 जीवंत स्टॉलों के माध्यम से जीवंत किया गया, जिसमें डीएमएफ-समर्थित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल), नाल्को, एनजेडएल/वेदांता और ओडिशा सरकार के कार्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शित उत्पादों में पर्यावरण के अनुकूल और स्थायी समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं, हाथ से बुने हुए कपड़े, धागे और जिला खनिज फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित स्थायी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के मॉडल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव फरीदा एम. नाइक ने 18 जनवरी को किया, जिसमें मंत्रालय, नाल्को और ओएमसी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। इस कार्यक्रम में सतत विकास और सामुदायिक कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

# कांग्रेस के साथ हम सब बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र को एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ले जाएंगे: मंगेश









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुखमेलपुर में जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मंगेश के साथ-साथ कांग्रेस के कई बड़े पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के सैंकड़ों लोग भी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए मंगेश त्यागी ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने को कहा। इस दौरान स्थानियों लोगों ने क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की और और मंगेश से समक्ष अपनी समस्याएं रखी, इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस द्वारा घोषित सभी गारंटियों की सराहना भी की। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि कांग्रेस की इन गारंटियों से दिल्ली की गरीब जनता को काफी सुविधाएं मिलेगी, व कुछ हद तक लोगों को महंगाई से राहत भी मिलेगी। अपने संबोधन में मंगेश ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र की जनता विधायक संजीव झा की कामचोरी से परेशान हो चूंकि है और आने वाली पांच फरवरी को कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग करके पूरे क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही मंगेश ने कहा कि आपका विश्वास और समर्थन ही हमारी ताकत है। कांग्रेस के साथ मिलकर हम सब बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र को एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ले जाएंगे और विधायक संजीव झा को हमेशा के लिए घर बैठाने के लिए बुराड़ी जनता अति आतुर है। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज भी मौजूद रहे, इस बीच क्षेत्रीय लोगों ने उनको पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया,इसके साथ ही क्षेत्र के लोगों ने मंगेश को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बुराड़ी का हर तबके का व्यक्ति उनके साथ खडा है।

# अनुराग ठाकुर ने विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2 जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:पूर्व केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं प्रदेश सह प्रभारी डा.अल्का गुर्जर की उपस्थिती में एक पत्रकार सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र 2 जारी किया और कहा की मेरा लोगों के बीच जाने का अनुभव बताता है की दिल्ली वाले भाजपा के साथ चलने का मन बना चुके हैं। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा की चुनाव संचालन समिति के संयोजक एवं केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, संकल्प पत्र समिति के संयोजक रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चांदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल मंच




पर उपस्थित थे और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने पत्रकार सम्मेलन का संचालन किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के दूसरे भाग के लिए हम सबके सामने आया हूं और हमारा संकल्प दिल्ली को विकसित बनाने का है और संकल्प से सिद्धी तक की यह यात्रा हम अगले पांच वर्षों में पूरी करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की जहां भी सरकारें रही जनकल्याण उनकी प्राथमिकता रही, उनका केन्द्र बिंदु रहा। केन्द्र में हमारी सरकार है और हमने राज्यों की सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। दिल्ली में एक आप-दा सरकार तो है लेकिन जब देश में कोविड जैसी आपदा आई तो उस वक्त भी नरेन्द्र मोदी ही जनकल्याणकारी योजनाएं लेकर आई, 80 करोड़ लोगों को भोजन दिया और मुफ्त में वैक्सीन लगवाने का काम किया और उस आपदा से सबको बाहर निकाला। जो 60 साल से कांग्रेस नहीं कर पाई वह मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में करके दिखाया जब नदियों को जोड़ने और उसके ऊपर जल विद्युत योजना लगाने के लिए 44605 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर किया। जलजीवन मीशन के तहत पहाड़ों में 17000 फीट हाईट पर नल से स्वच्छ जल आता है।

# आप के राज में विकास की बाट जो रहा है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र: श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आम जनता** अपनी सुविधाओं व सहूलियतों के लिए सरकार व उसके नुमाइंदों को चुनकर सत्ता में लाती है व सीट पर बैठाती है, और नेता भी सत्ता हथियाने के लिए तमाम तरह के वादे करते है व सत्ता में आने के बाद अपने किए हुए तमाम वादें व जनता दोनों को ही भूल जाते है सत्ता के नशे में चूर रहते है। कुछ ऐसा ही हाल है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा और केजरीवाल सरकार का। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर आठ से



कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने सत्ता में आने के लिए दिल्ली की जनता से तमाम वादे तो कर डाले और सत्ता में आने के बाद दिल्ली वालों का जीवन उन सभी सुख-सुविधाओं से वंचित कर दिया, जिसके चलते दिल्ली की जनता त्रस्त है। श्याम सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों से बुराड़ी क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाओं से विधायक संजीव झा ने वंचित रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से विधायक ने क्षेत्र में न तो कोई काम किया है और न ही कभी क्षेत्र में नजर आए है, और अब जब चुनाव पास आ गया है तो विधायक साहब पुनः वोट मांगने के लिए लोगों से संपर्क कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में लगे हुए है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी के लोगों से झूठे वादे करके पूरे दस साल तक इस्तेमाल किया है।

# जमानत याचिका पर पुलिस की दलीलों पर कोर्ट ने जताया एतराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपितों की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस की ओर से काफी लंबी दलीलें रखने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने एतराज जताते हुए कहा है कि वो इस मामले पर अंतहीन सुनवाई नहीं कर सकती है। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि दिल्ली पुलिस से कहा कि वो आरोपितों की विशेष भूमिका के बारे में बताएं क्योंकि आरोपित कह रहे हैं कि उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं बनता है। मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा से कहा कि आप काफी लंबी दलीलें रख रहे हैं। ये अंतहीन सिलसिला नहीं चल सकता है। तब अमित प्रसाद ने कहा कि आरोपितों की जमानत याचिकाएं ट्रायल कोर्ट की ओर से खारिज की जा चुकी हैं। ऐसे में इस पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने माना है कि साजिश रची गई है। इसके पहले भी 9 जनवरी को उमर खालिद की जमानत याचिका के दौरान स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद की दलीलें लंबी चली तब कोर्ट ने पूछा था कि आप कितना समय लेंगे।

# शाही मस्जिद कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली। प्लेसेस** ऑफ वर्शिप एक्ट के मामले में मथुरा की शाही मस्जिद कमेटी ने इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से जानबूझकर जवाब दाखिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। मस्जिद कमेटी ने कोर्ट से आग्रह किया है कि वो केंद्र को जवाब दाखिल करने का अधिकार खत्म करे। प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर 17 फरवरी को सुनवाई होनी है। मस्जिद कमेटी की अर्जी में कहा गया है कि इस मामले की सुनवाई आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि केंद्र सरकार के जवाब दाखिल करने का अधिकार खत्म किया जाए। मस्जिद कमेटी ने अपनी अर्जी में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2021 में पहली बार केंद्र



सरकार को नोटिस जारी किया था। उसके बाद कई बार मोहलत दिये जाने के बावजूद सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया है। 12 दिसंबर 2024 को हुई पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का वक्त दिया था लेकिन सरकार जानबूझकर अपना रुख साफ करने में देरी कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट की वैधता तय होने तक पूजा स्थलों के सर्वेक्षणों पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई नया मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जाएगा। इस मामले में कांग्रेस पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के जरिये दायर याचिका में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट का बचाव करते हुए कहा गया है कि यह कानून भारत में धर्मनिरपेक्षता की रक्षा के लिए जरूरी है। कांग्रेस ने अपनी अर्जी में कहा है कि इस एक्ट में किसी भी तरह का बदलाव सांप्रदायिक सद्भाव और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खतरे में डाल सकता है। याचिका में कहा गया है कि इस एक्ट की परिकल्पना 1991 से पहले की गई थी और अगर इसे हटाया जाता है तो राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता को खतरा हो सकता है। याचिका में कहा गया है कि इस एक्ट को तत्कालीन संसदीय चुनावों के लिए कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र का हिस्सा बनाया था।

# लोकेश सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आप में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता आम आदमी पार्टी (आआपा) में मंगलवार को शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से दिल्ली प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव और नई दिल्ली लोकसभा के पर्यवेक्षक लोकेश बंसल, यूथ कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व निर्वाचित अध्यक्ष किशन पाल और जिला यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव राकेश कुमार शामिल हैं। इनके साथ आए सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी आआपा की सदस्यता ली। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल की सरकार में एससी/एसटी स्कॉलरशिप लेकर लंदन यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री करके लौटे सुशांत सिंह भी आआपा में शामिल हुए। आआपा मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पटका और टोपी पहना कर पार्टी में सबका स्वागत किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव लोकेश बंसल अपनी पूरी टीम के साथ आआपा में शामिल हो गए हैं। इनके आम आदमी पार्टी में आने से नई दिल्ली विधानसभा में कांग्रेस खत्म हो गई है। लोकेश बंसल ने 22 साल कांग्रेस में काम किया। ये 2-3 दिन पहले मेरे पास आए।

# सरकार सहजन के उपयोग से एनीमिया पर करेगी वार

## सहजन के पौधरोपण और उपयोग के नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सिफ्सा और एनएचएम चलाएगा अभियान- गोरखपुर, वाराणसी व झांसी के 35 ब्लॉकों में किए जाएंगे विशेष प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: योगी** सरकार महिलाओं और किशोरियों में एनीमिया की चुनौती से निपटने के लिए सहजन के उपयोग को बढ़ावा देने जा रही है। इसके लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से कुपोषण से जुड़े विषय पर जागरूकता बढ़ेगी और महिलाओं, किशोरियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहजन के उपयोग को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते गोरखपुर, वाराणसी व झांसी के 35 ब्लॉकों में अभियान को गति देते हुए सहजन के पौधरोपण और उसके उपयोग से जुड़े नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

**आयुष्मान मंदिर, स्कूल और आंगनबाड़ी पर सहजन के लाभों पर उकेरी जाएगी वॉल पेंटिंग:** राज्य परिवार नियोजन सेवा अभिनवीकरण परियोजना एजेंसी (सिफ्सा) और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सहयोग से राज्य स्तर पर इस परियोजना की शुरुआत पोषण माह के दौरान परियोजना के लोगो के अनावरण के साथ अधिशासी निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने किया था। राष्ट्रीय पोषण माह में सघन ऑनलाइन जागरूकता अभियान चलाया गया और सहजन से जुड़ी जानकारी और सुझाव के लिए 9569703306 व्हाट्सएप हेल्पलाइन लांच की गई। इसका उद्देश्य लोगों को सहजन के फायदे और उपयोग के बारे में जानकारी देना है।



सिफ्सा के उपमहाप्रबंधक दिग्विजय त्रिवेदी ने बताया कि इन तीनों जिलों में पोस्टर, बैनर के माध्यम से सहजन के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। जिलों के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और 100 चिन्हित स्कूल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन के लाभों पर केंद्रित वॉल पेंटिंग होगी, जिससे किशोरियों और ग्रामीण जनता तक जानकारी पहुंचेगी। नवविवाहित दंपति को दी जाने वाली हाशगुन किट्स में परिवार नियोजन सामग्री के साथ सहजन के फायदे वाला लीफलेट शामिल किया जाएगा, जिससे गर्भावस्था के दौरान सहजन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृतपरियोजना जनपद के तीन चिन्हित विकास खंड में सर्वाइवल दर पर एवं नवाचार पर संपूर्ण परियोजना जनपद पर प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था है। इन श्रेणियों में प्रतिभागियों की वरीयता क्रम के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ कुछ सांत्वना पुरस्कार जनपद स्तर पर दिया जाएगा। समुदाय स्तर पर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और जिलों के अनुभव साझा करने के लिए मासिक/त्रैमासिक ऑनलाइन बैठक की जाएगी, जिसमें आशा संगिनियों, बीसीपीएम, सम्बंधित विभागों, यूनिसेफ सहित कार्यशील सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# पिछड़े वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा में नहीं आएगी आर्थिक बाधाएं, सरकार दे रही वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2024-25 को संचालित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शैक्षिक यात्रा को निर्बाध रूप से जारी रख सकें सरकारी प्रवक्ता की ओर से मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने शिक्षा को सशक्तिकरण का माध्यम मानते हुए प्रदेश के हर छात्र तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए, उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उच्च शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर कर ही समाज के कमजोर वर्गों को मुख्य धारा में से जोड़ने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है।

**प्रोत्साहित**

**इस दौरान विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों के रिजल्ट और सीट सत्यापन भी होगा**

इस योजना की विस्तृत प्रक्रिया और समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। योजना के तहत सभी चरणों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, ताकि छात्रों को शीघ्रता से लाभ पहुंचाया जा सके। योजना के तहत मास्टर डाटा सत्यापन और लॉक करने की प्रक्रिया 20 जनवरी को पूरी कर ली गई है। इसके बाद, 22 जनवरी यानि आज विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा छात्रों की फीस और अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी 25 जनवरी तक सभी डेटा की जांच पूरी करेंगे। छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों के आवेदन का सत्यापन तीन फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों के रिजल्ट और सीट सत्यापन भी होगा। 10 फरवरी तक राज्य एनआईसी द्वारा डेटा की स्क्रूटनी पूरी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्लिपकार्ट और एपीएफबीसी ने वर्कशॉप का आयोजन किया




**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन (एपीएफबीसी) के साथ मिलकर एक ओरिएंटेशन एवं ऑनबोर्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का लक्ष्य एपीएफबीसी द्वारा बनाए गए क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) एवं स्वयं सहायता समूहों को फ्लिपकार्ट हाश्मर्थ्ह प्रोग्राम के बारे में महत्वपूर्ण इनसाइट्स एवं जानकारियां प्रदान करते हुए सशक्त करना, इस प्रोग्राम से उद्यमियों को मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करना, उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का लाभ उठाने में सक्षम बनाना और देशव्यापी बाजार तक पहुंच प्रदान करना है। एपीएफबीसी को समर्थ पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे उत्पादों की बिक्री करते हुए इससे संबद्ध स्वयं सहायता समूहों और सीएलएफ के लिए आजीविका के अवसर सृजित होंगे। इस वर्कशॉप के दौरान असम प्रोजेक्ट ऑन बायोडायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री अनुराग सिंह, असम प्रोजेक्ट ऑन डायवर्सिटी एंड फॉरेस्ट्स कंजर्वेशन के एक्टिविटी डायरेक्टर श्री सनी देव चौधरी, फ्लिपकार्ट के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इस वर्कशॉप के बारे में फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, असम प्रोजेक्ट ऑन फॉरेस्ट्स एंड बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन के साथ हमारी साझेदारी देशभर में डिजिटल समावेश को बढ़ावा देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य कारीगरों एवं उद्यमियों के लिए सार्थक आर्थिक अवसर सृजित करना और उन्हें ई-कॉमर्स की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाना है। फ्लिपकार्ट समर्थ प्रोग्राम के माध्यम से हम डिजिटल इकोनॉमी और वंचित समुदायों के बीच की दूरी को कम करने और इसके माध्यम से उन्हें सतत आजीविका सृजन एवं विकास में सक्षम बनाने के लिए काम कर रहे हैं। सही टूल्स, गाइडेंस और सपोर्ट के माध्यम से फ्लिपकार्ट लघु एवं मध्यम उद्यमों को समावेशी विकास के भारत के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने में सक्षम बना रहा है।

### होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 लिवो लॉन्च की

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शहरी युवाओं के लिए OBD2B मानकों के अनुरूप नई लिवो बाइक लॉन्च की है। यह नई लिवो बोल्ड डिजाइन और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन संयोजन है, जो राइडिंग को और भी शानदार अनुभव बनाती है। 2025 होंडा लिवो की शुरुआती कीमत एक्स-शोरूम दिल्ली में रु. 83,080 रुपये रखी गई है। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ सुत्सुमु ओटानी ने कहा, हम नई 2025 लिवो को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। होंडा का उद्देश्य हमेशा से कम्यूटर बाइक सेगमेंट में नए मानक स्थापित करना रहा है। 2025 लिवो न केवल अपने शानदार स्टाइल बल्कि उन्नत फीचर्स के साथ ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। हमें भरोसा है कि यह बाइक भारतीय राइडर्स की विविध जरूरतों को पूरी तरह से संतुष्ट करेगी। इस लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, होंडा लिवो हमेशा से हमारे ग्राहकों की पसंदीदा बाइक रही है। 2025 मॉडल के जरिए हमारा लक्ष्य इसकी बाजार में स्थिति को और मजबूत करना है। नई लिवो में तकनीक और डिजाइन का ऐसा तालमेल है जो होंडा की गुणवत्ता और नवीनता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बाइक न केवल आधुनिक फीचर्स से लैस है, बल्कि व्यावहारिकता और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन भी पेश करती है। हमें विश्वास है कि यह भारत के राइडर्स के लिए 'लिव लाइफ, लिवो स्टाइल' का एक भरोसेमंद साथी साबित होगी।

### स्कूली बस ट्रेलर में घुसी, सात छात्राएं घायल

**फतेहपुर:** जिले में मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण के लिए कानपुर जा रही जीजीआईसी बिन्दकी की छात्राओं से भरी बस ओवरटेक करते समय ट्रेलर से टकरा गई। बस में सवार 60 छात्राओं में 07 छात्राएं घायल हो गई। क्षेत्राधिकारी वीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कानपुर के जेके मंदिर व आईआईटी टूर के लिए जीजीआईसी बिन्दकी की 240 छात्राएं तीन बसों में सवार होकर जा रही थी। औंग थाना क्षेत्र के छिवली नदी के समीप सबसे पीछे चल रही बस एक ट्रेलर को ओवरटेक करते समय ट्रेलर से जा भिड़ी। दुर्घटनाग्रस्त बस में 11 (ए) एवं 11 (इ) क्लास की 60 छात्राएं सवार थी।

# न्यायिक जांच आयोग की टीम ने की संभल हिंसा की जांच

**बवाल की जांच**

**पहली हिंसा जामा मस्जिद के नजदीक हुई थी, जहां पांच लोगों की जान गई थी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद: उत्तर** प्रदेश के संभल जिले में बीते नवंबर में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को हिंसाग्रस्त इलाके का दौरा किया। आयोग ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। जांच आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश डीके अरोरा, पूर्व डीजीपी एके जैन और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल रहे। संभल की जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहली हिंसा जामा मस्जिद के नजदीक हुई थी, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। राज्य सरकार के निर्देश पर गठित जांच आयोग की टीम ने मंगलवार को संभल जाने से पूर्व मुरादाबाद के सर्किट हाउस में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी के अलावा मुरादाबाद मंडल और जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों से इनपुट लिए। इसके बाद घटनास्थल का एक घंटे निरीक्षण किया। उसके बाद पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस जाकर सुनवाई की। सुनवाई के बाद आयोग जांच रिपोर्ट तैयार करेगा। संभल बवाल के दौरान हुई हिंसा और पांच लोगों की हत्या के मामले में पुलिस ने हाल ही में एक आरोपित मुल्ला अफरोज को दो दिन पहले गिरफ्तार किया है। इस घटना में अभी तक 72 उपद्रवी गिरफ्तार हो चुके हैं। बवाल से जुड़े कई नामजद और संदिग्ध आरोपित अभी फरार है। कुछ फरार आरोपितों के गैर जमानती वारंट जारी भी हो चुके हैं। इसमें ज्यादातर लोग वर्तमान में जिले से फरार हैं। पुलिस जांच के दौरान यह खुलासा हुआ है कि नवंबर माह में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए बवाल की साजिश विदेश में रची गई।



# सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन में ब्रेक बाइंडिंग से उठा धुआं, यात्रियों में अफरा-तफरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर: सीमांचल** एक्सप्रेस (12487) ट्रेन विंध्याचल स्टेशन से गुजरने के दौरान एसी बी-दो कोच के नीचे ब्रेक बाइंडिंग के कारण धुआं उठने की घटना सामने आई। इससे ट्रेन यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। मंगलवार सुबह ट्रेन विंध्याचल से गुजर रही थी। तब आरपीएफ उप निरीक्षक एसके सिंह ने धुआं उठते देखा और तुरंत बिरोही स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन) बंद कर दी गई और ट्रेन किलोमीटर नंबर 746/29 पर रोक दी गई।




आरपीएफ, आरपीएसएफ और टेक्निकल स्टाफ मौके पर पहुंचे। यात्रियों को शांत कराया गया और कोच की जांच की गई। मैन्युअल रिलीज कर व्हील को फायर एक्सटिंग्विशर से ठंडा किया गया।

ट्रेन को पूर्वाह्न 11:17 बजे ठीक कर 11:30 बजे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। घटना में किसी आपराधिक हस्तक्षेप का संकेत नहीं मिला। मौके पर जीआरपी और स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए 23 जनवरी को वॉकथान का होगा आयोजन

**लखनऊ: मतदाताओं** को जागरूक करने के लिए स्वीप योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय वॉकथान का आयोजन 23 जनवरी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने दी। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को वॉकथान में एन एस एस, भारत स्काउट गाइड, एन वाई के, स्पोर्ट्स परसन एवं छात्र-छात्राएं कुल मिलाकर लगभग 1500 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

# बावरिया गिरोह से पुलिस की मुठभेड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: वाराणसी** सहित चंदौली जिले में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाले बावरिया गिरोह से बलुआ इलाके में चंदौली पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में लगातार फायरिंग करने वाले बदमाशों को पुलिस टीम ने घेर लिया। जवाबी कार्रवाही में पुलिस टीम की गोली से एक बदमाश जख्मी होकर गिर पड़ा। पुलिस टीम ने घायल बदमाश के साथ भाग रहे उसके दो साथियों को भी दबोच लिया। सोमवार देर रात लगभग दो बजे मुठभेड़ की सूचना पाकर पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को अस्पताल भिजवाने के बाद गिरफ्तार दोनों बदमाशों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। मंगलवार को सकलडीहा सीओ रघुराज ने पत्रकारों को बताया कि बावरिया गिरोह बलुआ में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए देर रात डाक बंगला मथेला के दीवार के पास गेहूं के खेत के निकट जुटे थे। इसकी सूचना बलुआ थाना प्रभारी को मिली तो उन्होंने चौकी प्रभारी मारूफपुर तरुण पाण्डेय,चौकी मोहरगंज उपनिरीक्षक अमरनाथ साहनी,चौकी प्रभारी कैलावर सहित मातहत पुलिस कर्मियों के साथ बदमाशों को घेर लिया। डाक बंगला दीवार के किनारे छिपकर बैठे बदमाशों की निगाह पुलिस टीम पर पड़ी तो वे भागने लगे।

पुलिस टीम ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम के जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को गोली लगी तो वह गिर गया। पुलिस टीम ने उसे तत्काल पकड़ लिया। अंधेरे में साइकिल से भाग रहे दो बदमाशों को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बाकी बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

# नवागत जिलाधिकारी की कार्यशैली ने जनता को किया प्रभावित

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा ।** नवागत जिलाधिकारी सीपी सिंह चार्ज ग्रहण करने के साथ ही एक्शन मोड में काम करते दिखाई दे रहे हैं, जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने मथुरा में पद ग्रहण करते ही जिस अंदाज में अपने दफ्तर से निकल कर मथुरा के मुख्यमार्गों का निरीक्षण किया साथ ही मथुरा में गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए इससे लोग सकते में आ गए।

साथ ही मथुरा वृंदावन, गोवर्धन के मंदिरों की व्यवस्था का भी जायजा लिया, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा 4 एसडीएम सहित तहसीलदारों को आदेश जारी कर कहा जो लोग जिला मुख्यालय पर आवास लेकर रह रहे है, वो तहसील मुख्यालय पर अपना आवास बनाए और वहीं रहें,

**शांति**

**साथ ही मथुरा में गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए इससे लोग सकते में आ गए**

जिलाधिकारी के इस कदम से विभागों में हड़कंप सा मच गया। जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौ शालाओं का निरीक्षण कर सभी गौ शालाओं के निरीक्षण के लिए अधिनस्त अधिकारियों को भी आदेश दिया कि सभी अपने अपने इलाकों में बनी गौशालाओं का निरीक्षण करें, जिलाधिकारी सीपी सिंह द्वारा गौशाला संचालकों को आदेश जारी किया कि गौ शालाओं में दिन में दो बार सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गायों के चारे के रख रखाव की व्यवस्था को दिशानिर्देश दिए। जिलाधिकारी सर्द रातों में सड़क पर निकल कर मथुरा में बने रैन बसेरा का भी निरीक्षण कर रहे है, जिलाधिकारी ने मथुरा के नए बस स्टैंड पर सर्दी से जनता को बचाव के लिए रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया, उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं और रैन बसेरे में उपस्थित जन समूह से वहां की सुख सुविधा का फीडबैक भी लिया जो खामियां उनको वहां दिखाई दी उसे जल्द दुरुस्त करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने जिला मुख्यालय पर रात्रि निवास करने वाले ग्रामीण अंचल पर तैनात अधिकारियों पर जिस प्रकार एक्शन लेते हुए उनके जिला मुख्यालय में आवंटित निवास स्थानों को निरस्त करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किए उस कार्यवाही से मथुरा की जनता को कुछ कुछ भरोसा होने लगा है कि अब मथुरा कुछ बदलाव हो सकता है। मथुरा की जनता काफी लंबे समय से बदलाव की उम्मीद लगाए बैठी थी, मथुरा जनपद की जनता को लुभावने वादें बहुत सुनने को मिले पर धरातल पर मूलभूत सुविधाएं भी पूरी तरह नहीं मिल पाई, शहरी क्षेत्र में तो नगर आयुक्त और महापौर के झगड़े में मथुरा के 70 वार्डो की जनता पिस ही रही है, पर ग्रामीण अंचल में भी कोई खास सुविधाओं में बदलाव नहीं हुए, शहर में सड़कों की तस्वीर से लेकर साफ सफाई, और जाम का झाम लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है, मथुरा वृंदावन के शहरी इलाके में बंदरों की समस्या

# महापौर और नगर आयुक्त के बीच तकरार से लटका विकास

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर का माहौल इस सर्द भरे मौसम में भी खूब गरमा रहा है, जिसका मुख्य कारण लंबे अरसे से मथुरा वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद कुमार अग्रवाल और नगर आयुक्त के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई रहा है। नगर निगम की जनता द्वारा नगर निगम चलाने के लिए विनोद कुमार अग्रवाल को जिम्मेदारी दी और वहीं शासन प्रशासन ने नगर आयुक्त को, दोनों ही नगर निगम की व्यवस्था और शहर के विकास के लिए अपने अपने पद पर संविधान के अनुसार बने हुए है।

शासन प्रशासन और संविधान द्वारा दोनों को जो अधिकार दिए है वो एक और एक ग्यारह बन कर दुगनी ताकत के साथ जनता की सेवा के लिए दिए है, निगम मै दोनों ही संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति जनहित कार्य को छोड़कर आपसी प्रतिस्पर्धा में जुट गए और मथुरा वृंदावन नगर निगम द्वारा विकास की योजनाओं को समय रहते नहीं पूरा किया जा रहा।

विवाद काफी दिनों से चल रहा है पर अब मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में आने वाले 70 वार्डो के पार्षद अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्य ना होने से वार्ड की जनता की नाराजगी झेल रहे है, अब सभी पार्षदों ने लामबंद होकर मोर्चा खोल दिया है। 70 पार्षदों मै से 65 पार्षदों का सीधा आरोप महापौर पर ही है

**प्रतिस्पर्धा**

**निगम मै दोनों ही संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति जनहित कार्य को छोड़कर आपसी प्रतिस्पर्धा में जुट गए**

कि वो अपनी मनमर्जी के कारण जनता के विकास के लिए पारित 42 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे जिसके कारण क्षेत्रों में विकास कार्य नहीं हो पा रहा।

मथुरा वृंदावन नगर निगम के पार्षदों ने निगम के सभागार में बैठक कर महापौर के खिलाफ जंग का बिगुल फूंक दिया, पार्षदों द्वारा बैठक कर निर्णय लिया कि महापौर द्वारा शीघ्र ही बोर्ड बैठक नहीं बुलाई तथा 15वें वित्त आयोग से समस्त वार्डो मै 60 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो की पत्रावली को मंजूरी नहीं दी गई तो सभी पार्षद नगर निगम कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होंगे।

इस बैठक के बाद सभी पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर किये हुए हैं। एक पत्र महापौर को भी प्रेषित किया है। पार्षदों ने कहा बीते चार माह से कोई बैठक आहूत नहीं हुई जिसके कारण विकास कार्य ठप पड़ चुके है जनता के द्वारा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस बैठक के बाद महापौर विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया पर अपनी सफाई देते हुए एक प्रेस नोट रिलीज कर इस सारे मामले का ठीकरा नगर आयुक्त के सर फोड दिया, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा अपने जारी पत्र में लिखा कि 13 सितंबर 2024 को बोर्ड की पिछली बैठक आहूत की गई जिसमें 29 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए बैठक के उपरांत इसी बैठक मै घोषित की गई कार्यकारिणी की बैठक 01 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गई। जिसमें 5 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए बैठक के बाद नगर आयुक्त द्वारा बैठक मै पास किए गए प्रस्तावों पर तथा घोषित कार्यकारिणी पर नियम का हवाला देते हुए आपत्ति जताई।

# शिखर धवन और ओरी ने एमेजॉन एमएक्स प्लेयर को 'सर्वश्रेष्ठ ओटीटी सुपरहिट जोड़ी' का ताज पहनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। हाल ही में एमेजॉन द्वारा एमएक्स** प्लेयर की प्रमुख परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के बाद, यह सेवा भारत में मुफ्त मनोरंजन को फिर से परिभाषित करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें असाधारण पहुंच और विशाल कंटेंट लाइब्रेरी शामिल है। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, स्ट्रीमिंग सेवा ने पिछले सप्ताहांत एक रोमांचक अभियान शुरू किया, जिसमें यह बताया गया कि एमेजॉन और एमएक्स प्लेयर की जोड़ी स्ट्रीमिंग क्षेत्र में 'सुपरहिट जोड़ी' है। इस अभियान में मशहूर क्रिकेटर शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी को एक मजेदार अभियान के लिए साथ लाया गया। अभियान पर अपने विचार साझा करते हुए, अरुणा दरयानानी, हेड ड्ड मार्केटिंग, प्रोडक्ट और टेक, अमेजन एमएक्स प्लेयर ने कहा, हमारा नवीनतम अभियान सभी भारतीयों को मुफ्त में प्रीमियम गुणवत्ता वाला कंटेंट उपलब्ध कराने के अमेजन एमएक्स प्लेयर के दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। क्रिकेट आइकन शिखर धवन और सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी को साथ लाकर, हमारा उद्देश्य हमारी विशाल कंटेंट लाइब्रेरी को उजागर करना है, जिसे देश भर के दर्शक बिना किसी लागत के आनंद ले सकते हैं! यह अभियान अच्छे भाव को प्रस्तुत करता है तथा बेहतरीन विषय-वस्तु, नवीन विपणन और रणनीतिक साझेदारियों की पेशकश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शिखर धवन ने इस अभियान का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "मनोरंजन में, क्रिकेट की तरह, लोगों को एक साथ लाने की ताकत होती है। इस अभियान के लिए अमेजन एमएक्स प्लेयर के साथ सहयोग करना बेहद आनंददायक था। 'शिखर ७ ऑरी' स्पॉट की ऊर्जा और मजा कॉन्टेजियस है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# जहांगीरपुरी: एच3 और एच4 ब्लॉक में कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने की पदयात्रा

## ● शिवांक को मिल रहा जनता का प्यार और आशीर्वाद ● मंगत राम सिंघल ने केजरीवाल एंड पार्टी पर जमकर बोला हमला







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने उफान पर है। चुनाव में 15 दिन अब वोटिंग को शेष रह गए हैं। प्रत्याशी दिन-रात मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। साथ ही जनसंपर्क कर क्षेत्र की समस्याएं सुन उनका समाधान का आश्वासन दे रहे हैं। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कड़कड़ाती ठंड में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभवों से लोगों के बीच जाकर अपनी बात रख रहे हैं। इस दौरान शिवांक सिंघल को जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्रीय लोग फूल-मालाओं से शिवांक सिंघल का अभिनंदन कर रहे हैं।

**लोगों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल जहांगीरपुरी के एच3 और एच4 ब्लॉक में पदयात्रा कर लोगों से वोट की अपील की। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थकों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रवासी शिवांक सिंघल के साथ कदमताल कर रहे थे।

जी ब्लॉक में डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति



वाकिफ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन से लेकर दिल्ली जल बोर्ड में भारी घोटाला हो रहा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किए है। मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद उन्हें पूरा कराऊँगा।

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता को भ्रम में रखा, विकास के नाम पर खुद का किया विकास:** शिवांक सिंघल भी पदयात्रा के दौरान विरोधियों पर जमकर निशाना साध रहे हैं। भाजपा और आप प्रत्याशियों को आड़े हाथों ले रहे हैं। शिवांक कहते हैं कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता को भ्रम में नहीं डाला जा सकता। इस बार आम आदमी पार्टी को आदर्श नगर की जनता अपने वोटों से करारा जवाब देगी। पिछले 12 वर्षों आम आदमी पार्टी के विधायक ने कुछ काम नहीं किया। अब पार्टी ने टिकट काटकर निगम पार्षद को दिया है। लेकिन इस बार ये चालाकी नहीं चलेगी। जनता ने ठान लिया है, कि दिल्ली की सत्ता से केजरीवाल एंड कंपनी को उखाड़ फेंकना है।

शिवांक ने बीजेपी को घेरते हुए कहा कि केंद्र ने दिल्ली के लिए कोई विकास कार्य नहीं किया, सिर्फ जुमलों की राजनीति की। अब जनता ने तय किया है कि दिल्ली में फिर से विकास कार्य करने वाली कांग्रेस को सत्ता पर बैठाएगी।





# काम है मेरी पहचान, सबका किया सदैव सम्मान : पूनम शर्मा (भारद्वाज)

## ● वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा (भारद्वाज) को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को होने है, जिसको लेकर सभी उम्मीदवार अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में पूरे जोर-शोर से कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने मंगलवार को वजीरपुर क्षेत्र के कई इलाको में जनसंपर्क किया और कई बैठके भी ली। आपको बतादें कि जनता का पूनम शर्मा भारद्वाज को अपार समर्थन मिल रहा है। जनता का कहना है कि पूनम शर्मा भारद्वाज वादे की पक्की है, जो वादे करती है, उसे करके दिखाती है। पार्षद रहते हुए पूनम शर्मा भारद्वाज ने क्षेत्र में विकास ही विकास किया है।

**पूनम शर्मा भारद्वाज का जनता ने किया भव्य स्वागत:** जनसंपर्क व पदयात्रा और बैठको में कई जगहों पर स्थानीय लोगों व महिला शक्ति ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया और कहा कि पूनम शर्मा भारद्वाज बड़ी ही ईमानदार प्रत्याशी है और काफी मतों से विजयी होगी।



**पूनम शर्मा ने कई इलाको में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के केशवपुरम, वजीरपुर गांव, वजीरपुर जेजे कॉलोनी, अशोक विहार फेस-1 और क्षेत्र के कई स्लम क्षेत्रों में जनसंपर्क और बैठके की और वहां पर मौजूद लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं और कार्यों से भी अवगत कराया।

**भारी मतों से विजयी होगी भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज:** जनसंपर्क के दौरान जहां एक ओर स्थानीय लोगों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत किया और कहा कि पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतो से विजयी होगी। क्योंकि पूनम शर्मा भारद्वाज जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**भाजपा के कार्यों से लोग हो रहे है प्रभावित:** पूनम शर्मा भारद्वाज ने बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का काफी अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, जनता भाजपा के कार्यों से प्रभावित है।











